

You Tube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



प्रियंका गांधी बोली मोदी सत्य नहीं सत्ता के उपासक....०1 | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने ०9 नन्हीं कन्याओं के...०1

वर्षः ०1 अंकः 281 | बदायूं, गुरूवार 18 अप्रैल 2024 | पृष्ठ- ०6 | मूल्य- 4.०० रूपये


## राहुल गांधी बोले, इस बार भाजपा की सरकार 150 पर सिमट जायेगी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सहयोगी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कौशांबी स्थित एक होटल में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन एनडीए को गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा।



राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए की सरकार 15० सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि वो 2०14 में आए थे 2०24 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे के साथ होगी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए पहले अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्ट्रोल बांड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और बीजेपी संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, यह चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ संविधान और लोकतांत्रिक को खत्म करने की कोशिश कर रही है, और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतंत्र को बचाने की कोशिश कर रही है। चुनाव में 2-3 बड़े मुद्दे हैं। बेरोजगारी सबसे बड़ी है और महंगाई दूसरी सबसे बड़ी है, लेकिन बीजेपी ध्यान भटकाने में लगी है। न तो प्रधानमंत्री और न ही बीजेपी मुद्दों पर बात करती है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने एएनआई को एक बहुत लंबा इंटरव्यू दिया। यह स्क्रिप्टेड था, लेकिन यह फ्लॉप शो था। प्रधानमंत्री ने इसमें चुनावी बांड को समझाने की कोशिश की। प्रधानमंत्री कहते हैं कि चुनावी बांड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया। अगर ये सच है तो सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यवस्था को क्यों रद्द कर दिया और दूसरी बात अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते थे तो आपने भाजपा को पैसा देने वालों के नाम क्यों छुपाए। आपने उन तारीखों को क्यों छुपाया जिस दिन उन्होंने आपको पैसे दिए थे?... यह दुनिया की सबसे बड़ी जबरन वसूली योजना है। भारत के सभी कारोबारी इस बात को समझते और जानते हैं और प्रधानमंत्री चाहे कितनी भी सफाई दे दें, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के चौंपियन हैं।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बिजनौर में जनसभा को किया संबोधित

### गठबंधन को लेकर दिया बड़ा ब्यान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज नजीबाबाद के हर्सवाड़ा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। पार्टी कार्यकर्ता सुबह से ही जनसभा की तैयारी में जुटे थे। लोकसभा चुनाव के नगीना सुरक्षित सीट के सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी मनोज कुमार के पक्ष में अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव हेलीकॉप्टर से तीन बजे सभा स्थल पर पहुंचे।



जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपनी हार और सीटों के बारे में नहीं सोचा। जब लोग सीटों का आकलन करने लगे तो उन्होंने कहा, आपने कांग्रेस को इतनी सीटें दे दीं? मैंने कहा कि मुझे तो लानी ही पड़ेगी गठबंधन में और इसलिए मैंने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हम यूपी में सभी 8० सीटों पर बीजेपी को हराएंगे... वे 4०० सीट जीतने नहीं जा रहे हैं, बल्कि उन्हें खोने जा रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि आप लोग उन्हें 4०० सीटों पर हराकर एक संदेश देंगे।

## एक नजर

### कार और ट्रक की टक्कर में 1० की मौत




**दिल्ली।** गुजरात के खेड़ा जिले के नडियाद शहर के पास अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। इस दौरान कार सवार 1० लोगों की मौत हो गई। नडियाद ग्रामीण पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर किरीट चौधरी ने बताया कि कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी। इस दौरान कार एक्सप्रेसवे पर ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायल लोगों को एम्बुलेंस में नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जिन्होंने बाद में दम तोड़ दिया। नडियाद विधायक पंकज देसाई ने बताया कि ट्रक अचानक एक्सप्रेसवे के बाएं लेन पर गया। शायद कुछ तकनीकी खराबी के कारण ट्रक चालक ने ऐसा किया होगा। इस वजह से ही कार चालक को ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला।

## सहारनपुर रोड शो में बोलीं प्रियंका-देश ने सत्ता को नहीं सत्य को पूजा है, मोदी सत्य नहीं सत्ता के उपासक

**सहारनपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को सहारनपुर की गोल कोठी से लेकर कुतुबशेर थाने तक रोड शो किया। करीब एक घंटा चले रोड शो में प्रियंका गांधी ने लगभग 12 मिनट जनता को संबोधित भी किया। इस दौरान प्रियंका गांधी ने मोदी पर खूब तंज कसे। प्रियंका ने कहा कि इस देश ने सत्ता को नहीं सत्य को पूजा है और मोदी सत्ता को पूजते हैं सत्य को नहीं।



रोड शो अधिकतर मुस्लिम आबादी के बीच से गुजरा। कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में वोट की अपील की। बता दें कि कांग्रेस की तरफसे अभी तक एक भी स्टार प्रचारक जिले में नहीं आया। कांग्रेस की ओर से आज पिग्रंका इस लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी में पहली बार प्रचार मैदान में पहुंचीं।

रोड शो के दौरान प्रियंका गांधी ने रामनवमी को भी याद करते हुए कहा कि भगवान राम ने भी सत्य की लड़ाई लड़ी थी। जब उनके सामने रावण युद्ध करने के लिए आया तो सारी शक्ति रावण के पास थी, लेकिन भगवान राम ने नौ व्रत रखकर सारी शक्ति अपने पास ले ली थी। इसके बाद रावण से युद्ध किया और सत्य की जीत हुई।

प्रियंका गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने छोटे व्यापारी, गरीब, मजदूर के लिए कुछ नहीं किया और अडानी अंबानी का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। भाजपा सरकार ने हमेशा अमीरों की जेबें भरी हैं। गरीब को कुछ नहीं मिला इलेक्ट्रोल बॉन्ड स्कीम भी भाजपा लेकर आई थी और वह इस सूची के नाम गोपनीय रखना चाहती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नाम उजागर करने के आदेश दिए तो भाजपा की पोल खुल गई।

जो कंपनी 18० करोड रुपए का मुनाफा कमा रही है, वह कंपनी 11०० करोड रुपए का चंदा भाजपा को दे रही है। आखिर यह पैसा कहां से आ रहा है? मोदी ने काला धन लाने के लिए कहा था। क्या आया? जीएसटी आई, जिसने व्यापारियों की कमर तोड़ दी। सहारनपुर के लोगों का लकड़ी का कारोबार ठप हो गया। एक समय था जब यहां से बड़ी संख्या में लकड़ी के बने उत्पाद एक्सपोर्ट हुआ करते थे। मोदी सरकार में वह भी बंद हो गए।

## आप का रामराज्य वेबसाइट लॉन्च, लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए बनाया प्लान

**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए आज वेबसाइट आपका रामराज्य लॉन्च कर दी है। आप सांसद संजय सिंह आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जैस्मिन शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वेबसाइट लॉन्च की। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार के कामकाज के बारे में जानकारी देने के लिए 'आपका रामराज्य' वेबसाइट शुरू की गई। रामराज्य की अवधारणा को हम दिल्ली और पंजाब में लागू कर रहे हैं। हम इस वेबसाइट के जरिए आम आदमी पार्टी के जनहित के कार्यों को देश और दुनिया में पहुंचाना चाहते हैं। वहीं, आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के रामराज्य की अवधारणा में कोई भेदभाव नहीं है, कोई छोटा-बड़ा नहीं है और सभी के हित में काम करने का विचार है। इसी को ध्यान में रखते हुए रामनवमी के अवसर पर आप की लोकसभा अभियान वेबसाइट आपका रामराज्य लॉन्च की गई है। संजय सिंह ने कहा, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि बिजली मुफ्त दी जा सकती है।

## केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की मंजूरी देने की मांग, हाईकोर्ट में दायर की याचिका

**दिल्ली।** केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की मंजूरी की मांग को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल से दिल्ली सरकार चलाने के लिए पर्याप्त सुविधाएं देने का निर्देश देने की मांग की गई है।



केजरीवाल 21 मार्च से हिरासत में हैं, जब उन्हें दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 1 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। जनहित याचिका श्रीकांत प्रसाद नामक व्यक्ति ने दायर की है। उन्होंने दिल्ली सरकार के कामकाज के लिए केजरीवाल को दिल्ली विधानसभा के सदस्यों और कैबिनेट मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा प्रदान करने के निर्देश देने की मांग की है।

प्रसाद ने कहा कि दिल्ली सरकार की योजनाओं से दिल्ली के लोगों को फायदा हुआ है और वैश्विक मीडिया के साथ-साथ कई अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों ने भी उनकी सराहना की है। याचिकाकर्ता ने मीडिया चौनलों को केजरीवाल के इस्तीफे और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने से संबंधित दबाव बनाने और सनसनीखेज सुर्खियां प्रसारित करने से रोकने के निर्देश देने की मांग की है।


याचिका में तर्क रखा गया है कि आज की तारीख में इस विशेष मुद्दे पर मीडिया का आचरण 2०2० के दिल्ली विधानसभा चुनावों में 62 सीटों के भारी बहुमत से नियुक्त मुख्यमंत्री दिल्ली के नागरिकों और जनता के प्रति बहुत पूर्वाग्रहपूर्ण है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहा है। याचिका में आगे मांग की गई है कि दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को दिल्ली के वर्तमान मुख्यमंत्री के इस्तीफे के लिए अवैध तरीकों से विरोध या बयान के माध्यम से कोई भी अनुचित दबाव बनाने से रोका जाना चाहिए।

गौरतलब है कि इससे पहले केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में तीन याचिकाएं दायर की गई थीं। उच्च न्यायालय ने सुरजीत सिंह यादव द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया और विष्णु गुप्ता नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। इसके बाद आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक संदीप कुमार की याचिका पर 5०,००० रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## अयोध्या के भव्य राम मंदिर में हुआ रामलला का सूर्य तिलक

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अयोध्या।** 5०० वर्षों तक चले संघर्ष के बाद निर्मित भव्य महल में मना रामलला का पहला जन्मोत्सव अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय रहा। रत्न जड़ित पीतांबरी यानी पीला वस्त्र व सोने का मुकुट धारण कर रामलला ने भक्तों को दर्शन दिए। अध्यात्म व विज्ञान का अद्भुत संगम भी उस समय नजर आया, जब सूर्य की किरणों ने पांच मिनट तक सूर्यवंश के सूर्य का सूर्य तिलक किया। इस अद्भुत क्षण को हर कोई अपनी आंखों में बसाने को लालायित नजर आया। वहीं, कार्यक्रम का प्रसारण न्यूज चौनलों के माध्यम से किया गया, जिससे घर बैठे करोड़ों लोग इस अद्भुत क्षण के साक्षी बने।



भजन-कीर्तन, स्तुति-वंदना के बीच सबकी निगाहें घड़ी की सुइयों पर थीं। जैसे-जैसे घड़ी की सुइयां 12 की ओर बढ़ रही थीं, आतुरता भी बढ़ती रही। बालक राम सहित उत्सव मूर्ति की मनमोहक छवि के दर्शनकर भक्त मंत्रमुग्ध होते रहे। ...नवमी तिथि मधुमास पुनीता, सुकुलपछ अभिजित हरिप्रीता। मध्य दिवस अति सीत न धामा, पावन काल लोक विश्रामा। स्तुति तक पहुंचते-पहुंचते पूरे 12 बज चुके थे।

मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने मंदिर के कपाट खोले तो घंटा घड़ियाल बजने के साथ ही भक्तों ने भए प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी... का भजन गायन शुरू कर दिया। जैसे ही जन्मोत्सव का कर्मकांड हुआ पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। भक्त उत्साह की सीमाओं का उल्लंघन करने से भी नहीं चूके। मंदिर परिसर में मौजूद हर शख्स भावविभोर दिखा। संत एमबीदास व अन्य कलाकारों ने बधाइयां गाईं तो भक्त झूमने-नाचने लगे।

पुजारी प्रेमचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सुबह 3:3० बजे ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए थे। रामलला का श्रृंगार, राग-भोग, आरती व दर्शन साथ-साथ चलता रहा। सुबह से ही मंदिर में अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया था। चारों वेदों का पाठ, वाल्मीकि रामायण का पाठ सहित अन्य अनुष्ठान हुए। रामलला के सूर्य तिलक के समय श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास, सीबीआरआई रुड़की के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार सहित अन्य विज्ञानी व साधु-संत मौजूद रहे।

## गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने नौ नन्हीं कन्याओं के धोए पैर

**गोरखपुर।** चौत्र नवरात्र के समापन पर आज पूरे देश में धूमधाम से राम नवमी मनाई गई। इस अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी योगी आदित्यानाथ ने बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर गोरखनाथ मंदिर में पूरे विधि-विधान से नवमी पूजन किया। फिर कन्याओं की पूजा भी की। सीएम योगी ने मंदिर में करीब एक घंटे तक पूजा की और कन्याओं के पैर धोए व बटुक भैरवों की भी पूजा की। कन्या पूजन भी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। पूजा-हवन के बाद मुख्यमंत्री ने कन्याओं को खुद अपने हाथ से भोजन कराया। पूजन आदि से पहले योगी आदित्यनाथ ने मठ स्थित शक्ति पीठ पहुंचकर हवन-पूजन किया।




# अखिलेश-डिंपल ने उपचुनाव से शुरू की सियासी पारी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मैनपुरी।** अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव की गवाह रही इत्रनगरी दो बार उपचुनाव की प्रक्रिया से भी गुजरी है। दोनों ही उपचुनाव सपा सांसदों के इस्तीफे के बाद हुए। खास बात यह रही कि दोनों ही बार सपा के ही सांसद निर्वाचित हुए। पहली बार हुए उपचुनाव में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव यहां से पहली बार सांसद बने।



दूसरी बार हुए उपचुनाव में पत्नी डिंपल यादव यहां से निर्विरोध सांसद निर्वाचित हुईं। कन्नौज संसदीय सीट पर हुए 16 चुनाव के दौरान सात बार समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा है। वर्ष 1998-2014 के बीच हुए सभी चुनाव में सपा को लगातार कामयाबी मिलती रही है। वर्ष 2019 में भाजपा की जीत के बाद यह सिलसिला टूटा। पहली बार उपचुनाव वर्ष 2000 में तब हुआ, जब 1999 में यहां से सांसद बने मुलायम सिंह यादव ने इस्तीफा दिया था।

तब मुलायम सिंह यादव कन्नौज के साथ ही संभल से भी लड़े थे। दोनों जगह जीत मिलने पर उन्होंने कन्नौज सीट से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफा से खाली हुई सीट पर अखिलेश यादव पहली बार सियासत के मैदान में आए।

जनता के दरबार में लगाई हाजिरी लगाकर वह दिल्ली तक पहुंचने में कामयाब भी हुए। उसके बाद वह लगातार तीन बार सांसद बने। वर्ष 2009 में वह तीसरी बार सांसद बने। उसके तीन साल बाद वर्ष 2012 में सूबे की सपा की सरकार बनी तो अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बने। ऐसी सूरत में उन्हें इस सीट से इस्तीफा देना पड़ा। उनकी खाली हुई सीट पर पत्नी डिंपल यादव यहां से उम्मीदवार बनीं। उस चुनाव में वह निर्विरोध सांसद निर्वाचित हुईं।

यह इस सीट पर एक रिकॉर्ड है। अखिलेश यादव अब तक चार बार लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। कन्नौज में उन्होंने वर्ष 2000, 2004 और 2009 में ताल ठोकी और कामयाब भी हुए। वर्ष 2012 से 2017 तक सूबे का मुख्यमंत्री रहने के दौरान वह लोकसभा चुनाव से दूर रहे। 2019 में उन्होंने आजमगढ़ संसदीय सीट से किस्मत आजमाई और वहां भी जीत हासिल की। इस समय मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव अब तक तीन बार चुनाव जीत चुकी हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**हरदोई।** जिले में बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के अंटवा गांव में महिला का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। पति की सूचना पर मृतका का भाई मौके पर पहुंचा और गंभीर आरोप लगाए। ग्राम अंटवा निवासी अवनीश कुमार खेती करते हैं। 10 साल पहले उनकी शादी आट निवासी सुरेंद्र की पुत्री सोनी (35) से हुई थी।

बुधवार सुबह अवनीश कन्या भोज के लिए दही जलेबी लेने गया था। वापस आने पर सोनी को आवाज दी तो कोई जवाब नहीं मिला। कमरे का दरवाजा बंद मिलने पर उसने खिड़की से झांककर देखा तो पत्नी का शव रस्सी के फंदे से लटक रहा था। घटना की जानकारी अवनीश ने पत्नी के भाई प्रेमपाल को दी। प्रेमपाल का कहना है कि बुधवार की सुबह 10 बजे सोनी से बात हुई थी और तब सब कुछ ठीक था।

# श्रद्धालुओं से भरी जीप पलटी, तीन की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बलिया।** जिले के ब्रह्मपुर थाना के महादेव का डेरा के पास बुधवार को श्रद्धालुओं से भरी जीप पलटने से उसमें सवार मां-बेटी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए बलिया जिला अस्पताल पहुंचाया।




बलिया के ब्रह्मपुर थाना के महादेव का डेरा के पास बुधवार को श्रद्धालुओं से भरी जीप पलटने से उसमें सवार मां-बेटी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए बलिया जिला अस्पताल पहुंचाया। ब्रह्मपुर थाना के महादेव का डेरा गांव के पास तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। चालक मौके से भाग निकला। दुर्घटना में माधुरी देवी (60) पत्नी मोतीलाल वर्मा, रीना वर्मा (30) पुत्री मोती लाल और मुन्ना देवी की नातिन डिंपी वर्मा (15) निवासी कोलकाता की मौत हो गई।

मोतीलाल वर्मा और उनकी बड़ी बहन मुन्ना देवी (67) गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने घायल मोतीलाल वर्मा, मुन्ना देवी और रीना वर्मा को उपचार के लिए बलिया जिला अस्पताल पहुंचाया। उस समय रीना देवी जीवित थीं। रीना की मौत रास्ते में हो गई। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल मोतीलाल वर्मा व उनकी बहन मुन्ना देवी को ट्रामा सेंटर में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

सेमरी पुलिस ने माधुरी देवी और डिंपी का शव पोस्टमार्टम के लिए बिहार भेज दिया। रीना का पोस्टमार्टम बलिया में होगा। दुर्घटना में एक ही परिवार की तीन मौत की खबर पर जिला अस्पताल में जान पहचान और रिश्तेदारों का तांता लग गया।

## एक नजर

### प्रथम चरण का चुनाव प्रचार थमा

**पीलीभीत।** लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पीलीभीत जनपद से लगी नेपाल सीमा सील कर दी गई है। मंगलवार को सीमा पर एसएसबी के साथ पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी। 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक सीमा पर आवाजाही बंद रहेगी। इस दौरान सीमा पर कड़ी सुरक्षा रहेगी।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए पीलीभीत में 19 अप्रैल को मतदान है। इसको लेकर तैयारियां पूरी की जा रही हैं। चुनाव को लेकर सुरक्षा पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्देशों के अनुपालन में लोकसभा चुनाव को देखते हुए जनपद से लगी नेपाल सीमा को 16 अप्रैल की शाम पांच बजे से 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक सील किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की सीमाओं पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश हैं। इसके बावजूद मझोला में उत्तराखंड से प्रदेश की सीमा में प्रवेश करने वाले चार पहिया वाहन चालक बेरोकटोक प्रवेश कर रहे हैं। आला अधिकारियों की ओर से चेकपोस्ट पर लगाए गए कर्मचारी किनारे बैठकर आराम फरमाते नजर आते हैं। ऐसे में अन्य राज्यों से आवाजाही करने वाले वाहनों पर किसी तरह की रोक-टोक नहीं है।

जबकि हाल ही में नानकमत्ता में डेरा प्रमुख की हत्या करने वाले शूटर इसी रास्ते से होकर अन्य राज्यों को भागने में सफल हुए थे। 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर बुधवार शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम गया। इससे पहले नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया था।

### अब फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में धूप, गर्मी और बादलों के संयोजन ने बुधवार को तापमान में आंशिक राहत दी। इससे पहले मंगलवार को अधिकतम तापमान में 0.7 और न्यूनतम तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, गुरुवार को भी गर्मी के तेवर में कमी आने की संभावना नहीं है। 17 और 18 अप्रैल को पूरे दिन दौरान तेज हवाएं चलेंगी।

जबकि 19 अप्रैल को बौछारें पड़ने का अनुमान मौसम विभाग व्यक्त कर रहा है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान में सूरज निकल आया था। दोपहर होते-होते सूरज की किरणें तन झुलसाने लगीं। बीच-बीच में बादल आते रहे लेकिन इससे गर्मी से विशेष राहत नहीं मिल सकी। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक था।

# बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बरसात के दिनो में आने वाली भीषण बाढ़ के खतरे से निपटने के साथ ही बचाव कार्यों की पूर्व तैयारियों से सम्बन्धित बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई , बैठक में जनपद के सम्बन्धित विभागों को बाढ़ से बचाव के लिये सभी तैयारियां मई के फर्स्ट वीक में पूरी करने के साथ ही निम्न निर्देश दिये गये।



जनपद में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में बन्धों का वक्त के पूर्व निरीक्षण राजस्व अधिकारीयों के द्वारा कर लिया जाये, अधिशाषी अभियन्ता, मौदहा बांध द्वारा जनपद के समस्त संवेदनशील एवं क्षतिग्रस्त हुये बन्धों, तटबन्धों की मरम्मत का कार्य पूरा करा लिया जाये।

अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ के ईमरजेंसी हालात के लिये पर्याप्त रिजर्व स्टाक का एकत्रीकरण, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश एवं पेट्रोमैक्स वैकल्पिक व्यवस्था करने की व्यवस्था कर लिया जाये। समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया की बाढ़ से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों, परिवारों हेतु सुरक्षित स्थान एवं राहत कैम्प हेतु स्थान का चयन तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी हेतु बाढ़ चौकियों का पूर्व से चिन्हांकन करने के साथ जनपद में छोटी एवं बड़ी नावों का चिन्हीकरण कर भौतिक सत्यापन तथा गोताखोरों एवं नाविकों का सत्यापन कर विवरण तैयार कर लिया जाये तथा नावों की मरम्मत इत्यादि कार्य पूर्ण करा लिया जाये। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया की बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के पूर्व जनपद स्तर पर जीवनरक्षक औषधियों, सर्पदंश की औषधियों को पूर्व से पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाये। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के पूर्व कैम्पों में ठहराये गये व्यक्तियों एवं पशुओं हेतु पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने हेतु जल संस्थान, नगर निकाय, पंचायती राज द्वारा व्यवस्था पूर्व से कर लिया जाए । मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं, गोशालाओं के लिये अन्यत्र उचित स्थान पर सुरक्षित स्थल पर शिफ्ट किया जाना, साथ ही पशु चारे की पर्याप्त व्यवस्था एवं पशुओं का टीकाकरण समय से कराए जाने का प्रबंध पूर्व से कर लिया जाए।

बाढ़ की स्थिति उत्पन्न से पूर्व शहर की जल निकासी हेतु लिफ्टर, पम्पिंग शेड एवं आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम द्वारा सुनिश्चित करने सम्बन्धित तैयारी कर लिया जाये। बाढ़ के साथ-साथ जल भराव की समस्या से बचाव हेतु नालों आदि के सफाई का कार्य नगर निकाय, जिला पंचायत राज अधिकारी किये जाने सम्बन्धित व्यवस्था पूर्व से करा लिया जाये।

आकाशीय विद्युत के लिये सटीक पूर्वान्यमान हेतु दामिनी ऐप का प्रचार-प्रसार समस्त विभागों द्वारा कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया की समस्त सम्बन्धित विभाग शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में बाढ़ से बचाव पूर्व से तैयारी सुनिश्चित कर लें।

## एसीएमओ की कार लेकर भागे बदमाश

**बरेली।** जिले के शील चौराहे पर सोमवार रात बदमाशों ने एसीएमओ की कार फिल्मी अंदाज में दौड़ा ले गए। कार में पीछे एसीएमओ की सास बैठीं थीं। जिन्होंने कूदकर खुद को बचाया। पुलिस ने एसीएमओ की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वहीं, एसओजी ने तीन संदिग्धों को पकड़कर कार बरामद कर ली है। बारादरी क्षेत्र की सिटी हार्ट कॉलोनी निवासी डॉ. पवन कपाही एसीएमओ हैं। उनके पुत्र वंश कपाही बांग्लादेश के ढाका से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। सोमवार रात वंश करीब एक बजे अपनी नानी किरण के साथ दवा लेने शील चौराहे पर आए थे। नानी कार में पीछे की सीट पर बैठीं थीं। जबकि वंश कार में चाबी लगी छोड़कर मेडिकल स्टोर पर दवा लेने चले गए। अचानक एक शख्स आया और गेट खोलकर ड्राइविंग सीट पर बैठ गया। उसने चाबी घुमाकर कार आगे बढ़ा दी।

# दो महीने में बंद हो गई बस सेवा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में जिस होप ऑन, होप ऑफ बस सेवा का मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने दो महीने पहले हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की, वह दो महीने में ही फ्लॉप हो गई। मार्च से हो-हो बस सेवा बंद पड़ी है। मंगलवार को मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने आगरा-मथुरा इलेक्ट्रिक बस सेवा की समीक्षा की, तो यह खुलासा हुआ।




जिसके बाद कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिए हैं। बंद हो चुकी हो-हो बस सेवा को दोबारा चलाने के लिए मेट्रो के समन्वय से कवायद होगी। पर्यटन सीजन में एक ही बस से ताजमहल, आगरा फोर्ट, फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा सहित अन्य स्मारकों में पर्यटकों को घुमाने के लिए यह बस सेवा शुरू की गई थी।

लेकिन, पर्यटक नहीं मिलने से बस सेवा पहले घाटे में गई और फिर इसे बंद करना पड़ा। आगरा-मथुरा सिटी ट्रांसपोर्ट के तहत 100 ई-बस संचालित हैं। हो-हो बस सेवा फेल होने के बाद मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने अब ई-बसों में एटीएम मशीनों से क्यूआर कोड से टिकट बुकिंग के लिए वन यूपी वन कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा आठ से नौ हजार कार्ड हर माह आगरा व तीन हजार कार्ड मथुरा में बनाए जाएं। फतेहाबाद व एमजी रोड पर 20 यात्री शेल्टर बनाने के निर्देश दिए थे। इनमें 12 शेल्टर तैयार हो चुके हैं। बाकी शेल्टर बनाने से कंपनी ने हाथ खड़े कर दिए। ऐसे में अनुबंधित कंपनी को भी ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने दिए हैं।

# आगरा में नकल के नाम पर छात्रों ने किया हंगामा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में सोमवार की शाम दूसरी पाली की परीक्षा के बाद 12वीं के छात्रों ने नकल के नाम पर हंगामा कर दिया था। सीसीटीवी कैमरे के तार तोड़ डाले थे। मामले की जांच के लिए मंगलवार को एसडीएम फतेहाबाद अनिल कुमार पहुंचे। मामला परीक्षा केंद्र भलोखरा स्थित नेताजी हिम्मत सिंह इंटर कॉलेज का है।



परीक्षा केंद्र पर हंगामे के दौरान छात्रों ने आरोप लगाया था कि कुछ छात्रों से पैसे लेकर नकल कराई जा रही है। जांच के लिए परीक्षा केंद्र पहुंचे एसडीएम ने केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य स्टॉफ से बातचीत की। उपजिलाधिकारी ने बताया कि कुछ बच्चों से कॉपी जल्दी ले ली गई थी। कुछ बच्चों से कापी बाद में ली गई। इसी को लेकर छात्रों ने हंगामा किया गया था। जिन बच्चों ने पैसे लेकर नकल कराए जाने के आरोप लगाए हैं। उनके भी बयान पेपर वाले दिन जाकर लिए जाएंगे।

बताया कि परीक्षा केंद्र के कैमरे चालू मिले हैं। घटना की सीसीटीवी फुटेज मांगी गई है। उसके आधार पर जांच की जाएगी। उप जिलाधिकारी ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट रतेंद्र सिंह को चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की नकल या अव्यवस्था पाई गई तो विभागीय कार्रवाई कराई जाएगी। वही विद्यालय प्रबंधन को भी नकल व अव्यवस्था पाए जाने पर केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ कार्रवाई के लिए चेताया गया है।

# चुनाव ड्यूटी में फोर्स, तपती दुपहरिया में जाम से जूझेंगे लोग

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा शहर में सात दिन लोगों को जाम परेशान करेगा। यातायात व्यवस्था में लगे 500 होमगार्ड और 150 सिपाही, उप निरीक्षक को पहले चरण के मतदान में जिले से बाहर भेजा गया है। इससे एमजी रोड से लेकर अंदरूनी चौराहे खाली हो गए हैं।



नामांकन और विशेष ड्यूटी में भी पहले से ही कर्मचारी लगे हुए हैं।एमजी रोड पर सोमवार को नामांकन करने आए प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ की वजह से जाम लगा था। जीआईसी पर प्रत्याशी की सभा से भी मुश्किल बढ़ी थी।

इसी दिन 500 से अधिक होमगार्ड चुनाव ड्यूटी करने के लिए अलग-अलग जिलों में गए। ऐसे में यातायात पुलिस के पास कोई होमगार्ड नहीं बचा है। यातायात व्यवस्था संभालने में होमगार्ड अहम जिम्मेदरी निभाते हैं।

इनके साथ सिपाही और उप निरीक्षक भी ड्यूटी करते हैं। इनकी 150 है। इनके जाने से यातायात पुलिस के पास चौराहों और तिराहों पर ड्यूटी देने के लिए कर्मचारी नहीं बचे हैं। डीसीपी यातायात सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि पहले चरण के मतदान के लिए यातायात पुलिस के होमगार्ड और कर्मचारी जिले से बाहर गए हैं। दूसरे और तीसरे चरण के मतदान में वापस आ जाएंगे। कर्मचारियों की कमी की वजह से सात दिन तक समस्या रहेगी। एमजी रोड पर कर्मचारियों की संख्या कम की गई है। डीसीपी यातायात ने बताया कि फोर्स की कमी की वजह से यातायात संबंधी किसी तरह की समस्या न हो, उसको दूर करने के लिए जनता का सहयोग लिया जा रहा है।

सामाजिक संगठन और निजी तौर पर कोई भी व्यक्ति उनसे संपर्क कर सकते हैं। यातायात व्यवस्था में सहयोग लिया जाएगा। वालंटियर बनने वाले को यातायात पुलिस की ओर से आईडी कार्ड भी मिलेगा। उन्हें यातायात संचालन की जानकारी के बाद चौराहे और तिराहे पर सामान्य ड्यूटी में पुलिस कर्मियों के साथ लगाया जाएगा। शहर के 20 चौराहे और तिराहों पर यातायात का संचालन की व्यवस्था में बदलाव होगा।

# चुनाव के लिए मांगी गईं 18 बसें, यात्रियों को होगी परेशानी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में आने वाले दिनों में सफर करने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। लोकसभा चुनाव कराने के लिए मैनपुरी डिपो की 18 और बसें मांगी गई हैं। अच्छी हालत वाली बसों को चिन्हित करके उनको तैयार किया गया है। संबंधित बसों के चालकों को भी निर्धारित समय तक बसों के साथ जाने को कहा गया है।



लोकसभा चुनाव के लिए परिवहन विभाग ने रोडवेज बसों को भेजने का निर्णय लिया है। परिवहन आयुक्त के निर्देश के बाद मैनपुरी डिपो की 18 बसों को भेजा जाएगा। मैनपुरी डिपो की यह बसें आठ मई को डिपो से रवाना की जाएंगी।

इन बसों को पूर्वांचल में चुनाव कराने के लिए परिवहन विभाग ने आवंटित कर दिया है। बस संचालन प्रभारी अनुज दुबे ने अच्छी हालत वाली 18 बसों को चिन्हित करके उनकी सूची एआरएम को दे दी है। इन बसों के चालकों को तैयार रहने को कहा गया है। मैनपुरी डिपो में 76 बसों का बेड़ा है। इनमें से दो बसों को जिला प्रशासन पहले ही अधिग्रहीत कर चुका है।

सात बसों को शामली में चुनाव कराने के लिए भेजा जा चुका है। मैनपुरी से 25 बसों को दूसरे जिलों में चुनाव कराने के लिए भेजने का निर्णय परिवहन मुख्यालय द्वारा लिया गया है। इनमें से नौ बसें जा चुकी हैं। आने वाले समय में यात्रियों की परेशानी बढ़ जाएगी। बसों की संख्या कम होने से उनको भटकना पड़ेगा। लोकसभा चुनाव के लिए परिवहन विभाग ने रोडवेज बसों को भेजने का निर्णय लिया है।

परिवहन आयुक्त के निर्देश के बाद मैनपुरी डिपो की 18 बसों को भेजा जाएगा। मैनपुरी डिपो की यह बसें आठ मई को डिपो से रवाना की जाएंगी। इन बसों को पूर्वांचल में चुनाव कराने के लिए परिवहन विभाग ने आवंटित कर दिया है। बस संचालन प्रभारी अनुज दुबे ने अच्छी हालत वाली 18 बसों को चिन्हित करके उनकी सूची एआरएम को दे दी है। इन बसों के चालकों को तैयार रहने को कहा गया है। मैनपुरी डिपो में 76 बसों का बेड़ा है। इनमें से दो बसों को जिला प्रशासन पहले ही अधिग्रहीत कर चुका है।

सात बसों को शामली में चुनाव कराने के लिए भेजा जा चुका है। मैनपुरी से 25 बसों को दूसरे जिलों में चुनाव कराने के लिए भेजने का निर्णय परिवहन मुख्यालय द्वारा लिया गया है। इनमें से नौ बसें जा चुकी हैं। आने वाले समय में यात्रियों की परेशानी बढ़ जाएगी। बसों की संख्या कम होने से उनको भटकना पड़ेगा।

बसों की संख्या कम होने पर यात्रियों की समस्या का हल निकाला जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए बसों के फेरे बढ़ाने के साथ ही समय सारिणी में भी परिवर्तन किया जाएगा।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, खड़े ट्रेलर ट्रक की जोरदार टक्कर

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में नेशनल हाईवे पर मंगलवार को दो हादसों में दो की जान चली गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। रामबाग फ्लाई ओवर पर बाइक की टक्कर से दूसरी बाइक पर सवार दो युवक सड़क पर गिर गए।




तभी पीछे से आ रहे भारी वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। दोनों दिल्ली से बाइक पर शिकोहाबाद जा रहे थे। वहीं दोपहर में स्कूल बस की टक्कर से लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर बैठे दो छात्र घायल हो गए। पहला हादसा मंगलवार तड़के 4 बजे हुआ। शिकोहाबाद निवासी जितेंद्र (28) दिल्ली स्थित रक्षा मंत्रालय में बनी कैंटीन के निजी कर्मचारी थे। बरहन स्थित गांव भूनगरिया निवासी सचिन दिल्ली स्थित एक मॉल में नौकरी करता है।

जितेंद्र और सचिन दोस्त हैं। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि दोनों सोमवार रात एक बजे घर के लिए बाइक से निकले थे। वह दोनों रामबाग फ्लाईओवर पर आए थे। तभी पीछे से आती एक बाइक की उनकी बाइक में टक्कर लग गई।

टक्कर से दोनों उछलकर सड़क पर गिरे। इसके बाद पीछे से आया अज्ञात वाहन बाइक के साथ जितेंद्र को कुचलता हुआ निकल गया, जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बाइक चला रहे जितेंद्र की मौत हो गई।

# रामनवमी पर गाजे-बाजे के साथ निकली श्रीराम व जानकी की झांकी

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिनावर।** रामलला के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बुधवार को कस्बा बिनावर का नजारा भगवामय दिखा। आस्था का मिसाल बन चूकी रामनवमी शोभा यात्रा पूरे बिनावर कस्बे को राममय कर दिया। कड़ाके की धूप में हाथ में गदा, लाठी व तलवार लिए रामभक्त अबीर गुलाल उड़ाते बस यही संदेश दे रहे थे कि मर्यादा पुरूषोत्तम के गुणगान से ही अमंगल कार्य दूर हो सकता है। समाज व राष्ट्र में शांति समृद्धि के लिए श्रीराम के पदचिन्ह को जीवन में उतारना ही होगा।



शोभा यात्रा में शामिल तरह-तरह की झांकियां भी कस्बावासियों को यही संदेश दे रहे थे। जय श्रीराम - जय हनुमान की गर्जन से चप्पा-चप्पा गूंज रहा था। रामभक्तों के स्वागत के लिए सड़क के किनारे महिला पुरूष कतारबद्ध थे। मर्यादा पुरूषोत्तम राम के विजयोत्सव रामनवमी के उपलक्ष्य पर निकलने वाली शोभा यात्रा हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने शबाब पर थी। रामनवमी की जुलूस यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल रहा। युवाओं की टोली सुबह से हीं शोभायात्रा की तैयारी में जुट गई थी। जगह-जगह पर भगवान राम के तस्वीर से सजी वाहनों पर लगे डीजे पर बज रहे भक्ति गानों से माहौल राममय होने लगा। झांकी को कैमरों में कैद करने के लिए लोगों के बीच होड़ मची रही। महिलाएं व युवतियां भी इस अविस्मरणीय पल को क्लिक करने में पीछे नहीं रहीं। झांकी में शामिल युवाओं ने भी खूब सेल्फी ली व फेसबुक व व्हाट्सएप पर पोस्ट की। कुछ ने तो शहर से बाहर रह रहे सगे-संबंधियों व दोस्त-प्रेमियों को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से अविस्मरणीय झांकी का सीधा प्रसारण कराया।

**भक्तों के लिए जगह जगह लगे थे स्टॉल'**

शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों के लिए जलपान, चाय व शरबत के लिए जगह-जगह पर स्टॉल लगाऐ गए थे। समाजसेवियों की टीम भक्तों को पानी व शरबत पिलाने में देर रात तक जुटी रही।

**चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की रही तैनाती**

रामनवमी जुलूस के दौरान कस्बा बिनावर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रही। थाना बिनावर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार व बिनावर क्राइम इंस्पेक्टर गुड्डू सिंह स्वंय अपने हाथों मे विधि-व्यवस्था की कमान संभाल रखे थे।

# भारत विकास परिषद के द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में हुआ भंडारा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**वजीरगंज।** भारत विकास परिषद श्री मंगला माता शाखा वजीरगंज द्वारा नवरात्रि के 9 दिन भंडारा किया गया। जिसमें श्री मंगला माता मंदिर पर नौवे दिन परिषद द्वारा साबूदाना की खीर का प्रसाद वितरण एवं फल प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें प्रगति कमल और लेखपाल शर्मा के साथ साथ सभी सदस्यो का विशेष सहयोग रहा। श्री मंगला माता भारत विकास परिषद शाखा वजीरगंज के समस्त का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती है। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष नेमपाल सिंह, शाखा संरक्षक सुग्रीव वार्ष्णेय, शाखा सचिव गुरुदेव शर्मा, प्रांतीय संयोजक अरुण शेखर, महिला संयोजक कु. हेमलता शर्मा, मीडिया प्रभारी राम किशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश चंद्र वार्ष्णेय,समाजसेवी दीपेश वार्ष्णेय, ज्ञानदीप वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, नरेंद्र कुमार वार्ष्णेय, डॉ दिलीप वार्ष्णेय, डॉ सुरेंद्र वार्ष्णेय, जोगेश वार्ष्णेय, गीता वार्ष्णेय, सुमन वार्ष्णेय, सविता गुप्ता, पवनलता वार्ष्णेय, संतोष वार्ष्णेय, कु प्रगति कमल,ममता शर्मा, योगेश वार्ष्णेय पूर्व सभासद, कृष्णामढ़ी शर्मा, भुवनेश वार्ष्णेय, लेखपाल शर्मा, संदीप वार्ष्णेय, सोनू मेडिकल आदि लोग मौजूद रहे।




## सार-संक्षेप

# अयोध्यावासी बोले- पिछले साल से कम रही भीड़, शांत दिखीं सड़कें

### रामनवमी: प्रशासन का दावा- पहुंचे 15 लाख लोग



**अयोधा।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मनाए गए पहले रामजन्मोत्सव में अयोध्यावासियों को श्रद्धालुओं की कमी अखरी। हालांकि प्रशासन 15 लाख श्रद्धालुओं के आने का दावा कर रहा है। इसके विपरीत अयोध्यावासियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों की तुलना में इस बार भीड़ बहुत कम रही। अयोध्यावासियों के इस दावे की पुष्टि यहां की सड़कें करती रहीं। सुबह नौ बजे हमेशा गुलजार रहने वाले रामपथ पर साकेत कॉलेज के सामने सन्नाटा पसरा था। राममंदिर के मुख्य गेट के पास बने 11 नंबर गेट के सामने भी लगभग यही स्थिति थी।

रामजन्मभूमि पथ पर दर्शन के लिए सात कतारें बनाई गईं थीं, जिनमें से पांच कतारें बिल्कुल खाली रहीं। श्रद्धालु सुगमता पूर्वक दर्शन कर रहे थे। रामजन्मोत्सव के दिन अयोध्या के मुख्य मार्ग से लेकर गलियों तक में भक्तों की भारी भीड़ होती थी, लेकिन इस बार भीड़ का दायरा केवल श्रीराम अस्पताल से लेकर नयाघाट के बीच ही रहा। गलियों में श्रद्धालुओं की संख्या नाम मात्र की रही। गली-मोहल्लों में जिन दुकानदारों ने दुकानें लगा रखीं थीं, वे बिक्री न होने से निराश हुए।

व्यापारी नेता नंद कुमार गुप्ता ने कहा कि जरूरत से ज्यादा सख्ती, दूर-दूर तक डायवर्जन, सड़कें खाली होने के बावजूद बिना वजह की रोकटोक, सुविधाओं की कमी भी श्रद्धालुओं के कम आने का कारण रहीं। ट्रस्ट की ओर से भी लगातार श्रद्धालुओं से रामनवमी अपने घर पर मनाने की अपील की जाती रही, इससे भी संख्या कम हुई। आखिरकार श्रद्धालुओं ने घर पर ही रामनवमी मना ली।

रामजन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर मंगलवार को अयोध्या में एक लाख से भी कम श्रद्धालु रहे। बावजूद इसके चौक-चौराहों से लेकर गलियों तक में बैरीकेडिंग कर दी गई थी। सीमाओं से प्रवेश बिल्कुल नहीं मिल रहा था। व्यापारी विजय यादव ने कहा कि व्यापार बिल्कुल फीका रहा, क्योंकि जिस तरह से उम्मीद थी, वह भीड़ नहीं पहुंची।

# उझानी में धूमधाम से निकली रामनवमी शोभायात्रा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उझानी।** बुधवार को नगर मे रामनवमी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा व पूर्व राज्यमंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल ने श्रीराम दरबार की झांकी का पूजन व फीता काटकर उदधाटन किया।



शोभायात्रा नगर के बिहारी जी मंदिर परिसर से शुरू हुई जो किलाखेड़ा मोहल्ले से बिल्सी रोड, घंटाघर चौराहे पर पहुंची। शोभायात्रा मे शामिल झाकियां आकषर्क का केंद्र रही , काली का अखाड़े मे कलाकारों ने भी प्रदर्शन मनमोहक रहा। वहीं देवी-देवताओं की झांकियों के साथ स्कूली बच्चे भी शोभायात्रा में शामिल रहे। बैंडबाजों पर भजनों की धुन पर रामभक्त युवक थिरक उठे। शोभायात्रा मे पुलिस प्रशासन भी दलबल के साथ मौजूद रहा।

व्यवस्थाओं में गोशाला कमेटी के अध्यक्ष रतन जिंदल, रोहतास गुप्ता, अनिल तुलस्यान, भाजपा नगर अध्यक्ष अखिल अग्रवाल, आलोक कुमार गुप्ता, कमलेश बाबू, शंकर गुप्ता, किशन चन्द्र शर्मा, मोहित शर्मा, राजीव गोयल, राहुल शंखधार, विवेक, सर्वेश गुप्ता, विपर्णा गौड़ सुमन, देवी गुप्ता, टॉमसन माहेश्वरी आदि शामिल रहे।

# चैकिंग के दौरान कार में मिले दो लाख साठ हजार रूपये जब्त किये

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन के अधिकारी निर्वाचन आयोग के आदेश पर पूरी तरह सतर्क हो गए हैं। बुधवार को उड़न दस्ता टीम का नेतृत्व कर रहे दिलीप कुमार आंवला-बिसौली रोड पर ग्राम हत्सा के समीप वाहनों की चेकिंग कर रही थे। इसी दौरान आवला साइड से आ रहे टाटा सफारी गाड़ी को रोका उसे चेक कर रहे थे। चेकिंग में गाड़ी में रखें बैग से दो लाख 60 हजार रुपए मिले। हबीब खां पूछताछ करने पर टीम को सही जवाब नहीं दे पाए। दिलीप कुमार ने बताया टाटा सफारी से मिले दो लाख 60 हजार रुपए को आचार संहिता के उल्लंघन में जब्त कर लिया गया है।



इधर स्टेटिक मजिस्ट्रेट घनश्याम दास के नेतृत्व में एसआई अजय कुमार, कांस्टेबल जाहिद अली एवं प्रियंका ने नगर के अटल चौक पर वाहनों की चेकिंग की। अटल चौक पर सहसवान - आंवला रोड, बदायूं - चंदौसी रोड एवं इस्लामनगर, बिल्सी रोड से आने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इसका उद्देश्य चुनावी माहौल में मादक पदार्थ से लेकर नकदी के परिवहन को रोकने के साथ संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों पर नजर रखना है।

# ग्राम रमजानपुर से मोहम्मद शुएब अपनी पत्नी के साथ उमरा करने सऊदी अरब रवाना

### ग्रामीणों ने फूल मालाएं पहनाकर खुशी के साथ किया विदा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जनपद के ब्लॉक कादरचौक के ग्राम रमजानपुर से उमरा करने के लिए 22 वर्षीय मोहम्मद शोएब पुत्र बब्बन खाँ और उनकी पत्नी को घर व अजीजों अकारिब के साथ गाँव वालों ने फूल मालाएँ पहनाकर और गले मिलकर सऊदी अरब के लिए रवाना किया इस्लाम में सबसे पवित्र मानी जाने वाली जगह मक्का मदीना जाने की सभी मुसलमानों की दिली तमन्ना होती है इतनी कम उम्र में मोहम्मद शोएब को जाना नसीब हुआ है उनके घर वालों ने खुशी के आंसू के साथ अपने बेटे को रवाना किया इसके साथ ही मौलाना सद्दीक़ कुरैशी हाफ़िज़ शफ़ी अहमद हाफिज मसूद अहमद हाफिज इलयास रजा ने माला पहनाकर खुशी जाहिर की व वरिष्ठ पत्रकार हामिद अली ख़ान राजपूत ने भी गाँव-पहुँचकर दुआओं से नवाजा और खुशी का इजहार किया। इस मौक़े पर छम्मन खाँ महरुद्दीन हकीम मियाँ पन्नू प्रधान रमजानी सिद्दीक़ मौलाना शाकिर उवैस खाँ आरिफ़हुसैन मंजर खाँ सुजादिल खाँ जब्बार खाँ सत्तार खाँ दिलदार खाँ सदाक़त शकील अच्छे मियाँ हाशिम सर्वे अली आदि गाँव के लोग मौजूद रहे



# मतदान का बहिष्कार के बाद जागा प्रशासन, थाने बुलाकर ग्रामीणों को समझाया

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में अधूरे विद्युतीकरण से नाराज ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने के बैनर गांव में लगा दिए थे। बैनर पर लिखा है कि गांव में किसी भी दल का प्रत्याशी या नेता वोट मांगने ना आए। जैसे ही प्रशासन को मालूम हुआ तुरंत तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला गांव पहुंच गए और समझाने का प्रयास। इधर बुधवार को तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला एवं कोतवाल सुनील कुमार अहलावत ने मामले का संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के साथ ग्राम हत्सा के ग्रामीणों को कोतवाली बुलाकर मीटिंग की और आश्वासन दिया कि जल्द ही पूरे गांव में विद्युतीकरण करा दिया जाएगा। इस दौरान जेई इंतजार अहमद, हेतराम ,जसवीर, रामसिंह, रामौतार शर्मा, अजय पाल, नरेश, ललित, रविंद्र, पहलवान, चंद्रपाल पाचन, यादराम, बसंती, रघुनंदन आदि मौजूद रहे। तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने बताया ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि उनके गांव में जो क्षेत्र बचा है विद्युतीकरण के लिए उसका शीघ्र ही समाधान करा दिया जाएगा। अब सभी ग्रामीण संतुष्ट हैं।



# आज बाद नमाज ए जुहर होगा 68वें उर्स-ए-शाह शुजाअत का आगाज

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**ककराला।** बुधवार दरगाह शाह शुजाअत अली मियां पर शाह सकलैन अकेडमी के कार्यालय पर (68 वें) उर्स ए शाह शुजाअत के संबंध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, प्रेस वार्ता अल्हाज मुंतखब मियां नूर साहब की अध्यक्षता में की गई।



मशहूर ओ मारूफ किबला हजरत शाह शराफत अली मियां हुजूर रह०अ० के फरजंद व पीरो मुरशिद आश्शाह मुहम्मद सकलैन मियां हुजूर रह०अ० के वालिद ए गिरामी सूफी ए व सफा हजरत शाह शुजाअत अली मियां रह०अ० के 68 वें उर्स ए पाक का आगाज कल बरोज जुमेरत 18 अप्रैल को बाद नमाज ए जुहर ज्यारत शरीफककराला से जुलूस ए परचम कुशाई से होगा। बाद नमाज ए इशा नात ओ मनकबत की महफिल और उलेमा इकराम की तकरीर होगी।

अगले दिन 19 अप्रेल बरोज जुमा को सुबह 11 बजे कुल शरीफ की फातह होगी, कुल की रस्म सज्जादानशीन हुजूर अल्हाज गाजी मियां सकलैनी उल कादरी फरमाएंगे।

उर्स ए शाह शुजाअत में हर साल देश विदेश के जायरीन बड़ी तादाद में शिरकत करते हैं और मजार शरीफपर अपनी मन्नतों की चादर पोशी करते हैं और खूब फैज पाते हैं इस साल भी उर्स ए पाक में हिंदुस्तान के ज्यादातर प्रदेशों जैसे- महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, मध्य प्रदेश, तेलांगना, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजिस्थान, पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश आदि से जायरीन बहुत बड़ी तादाद में उर्स में शिरकत करेंगे।

दो दिवसीय उर्स की तमाम तकरीबात सज्जादा नशीन हजरत अल्हाज गाजी मियां हुजूर की सरपरस्ती में दरगाह शरीफ पर अदा की जाएंगी।

उर्स में जायरीन की ठहराने व खाने-पीने व उनकी हर तरह देख-रेख और सुविधा के लिए उर्स इंतजामिया कमेटी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

उर्स में जायरीन की भीड़ के मद्देनजर और कार्यक्रमों में बेहतर व्यवस्था बनाने में अल्हाज मुंतखब मियां सकलैनी की कयादत में एक उर्स इंतजामिया कमेटी बनाई गई है जिसमें महफूज अहमद, मुर्तुजा सकलैनी, फैजयाब सकलैनी, गुलाम गौस सकलैनी, इंतिखाब अहमद, मुंतासिब खान, मुनीफ सकलैनी, मुस्तिजाब सकलैनी, असदक़ सकलैनी आदि लोग व्यवस्था बनाने व हर तरह की देख-रेख में अपनी जिम्मेदारियां अदा कर रहे हैं।

इसके अलावा हजरत शाह सकलैन अकेडमी यूनिट ककराला के सभी जिम्मेदारान जैसे- हाफ़िज़ कारी कैस सकलैनी, हाफ़िज़ आमिल सकलैनी, हाफ़िज़ अयाज सकलैनी, हाफ़िज़ सरफ़राज, तौसीफ सकलैनी, जिम्मी सकलैनी, चाहत सकलैनी, कमाल सकलैनी आदि ने उर्स की व्यवस्था में अपना विशेष योगदान दे रही है।

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सफी अहमद उम्र करीब 25 वर्ष का 13 फरवरी 2024 को अपने घर से मुकदमे की तारीख के लिए बरेली गया था, जिसकी हुलिया रंग सांवला, लंबाई करीब 05 फुट 04 इंच, गोल चेहरा, चटखाना काला पीला रंग की टी-शर्ट व जीन्स की काली पेंट व काली जर्सी व फीतादार गोल्डस्टार के जूते पहने हुए है। तभी से अब तक घर वापस नही आया है, जिसको काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नही चल सका है। जिसके बाद थाना वजीरगंज जनपद बदायूं में जीडी नं. 038 दिनांक 01-03-2024 को गुमशुदगी दर्ज कराई है। अगर किसी व्यक्ति को उक्त सफी अहमद कहीं मिले या दिखाई दे तो उपयुक्त तरीके से सूचना देने का कष्ट करें।

**अली अहमद पुत्र श्री निचकू निवासी ग्राम लहरा लाडपुर थाना वजीरगंज जनपद- बदायूं ( उ.प्र. )। मोबा. नंबर 7042320481**
**थाना वजीरगंज मोबा. नं- 9454402952**

शादी कार्ड
कलैण्डर
फ्लैक्स
पोस्टर
हमारे यहां शादी कार्ड, शादी कलैण्डर, बिजीटिंग कार्ड फ्लैक्स, लैटर पैड, पोस्टर, पंपलेट, बिलबुक, स्टीकर स्कूल आईकार्ड, प्रेस आईकार्ड, प्रेस माइक आईडी आदि उचित मूल्य पर तैयार किये जाते है।
हमारें यहाँ समस्त स्टेशनरी उचित मूल्य पर मिलती है।
इण्डिया प्रिंटर्स एण्ड कम्प्यूटर
मैन ब्रान्च- निकट रिजेन्सी होटल, लावेला चौक बदायूं।
ब्रान्च- मैन चौराहा सहसवान रोड, कौल्हाई बदायूं।
मोबा. 9411214614, 9759675650, 8279746818

## संपादकीय

# कम रकम तो घटेगा जोखिम



कुछ अरसा पहले स्मॉलकैप फंडों में रकम लगाने वाले निवेशक आज खुश हैं क्योंकि 1० अप्रैल 2०24 तक के 12 महीनों में स्मॉलकैप इक्विटी फंडों ने औसतन 54.7 फीसदी रिटर्न दिया है। मगर यह तेज रफ्तार देखकर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने इनमें स्ट्रेस टेस्ट अनिवार्य कर दिया हैं, जिससे चिंता होने लगी है। सेबी ने कुछ फंड कंपनियों से पूछा है कि उन्होंने बहुत अधिक जोखिम वाले फंड वरिष्ठ नागरिकों को क्यों बेचे। सितंबर 2०21 के बाद पहली बार मार्च 2०24 में इस श्रेणी में 94.2 करोड़ रुपये की निकासी हुई। स्मॉलकैप की दुनिया में कुछ कंपनियां अपने कारोबार में आगे हैं मगर कुछ के पास अब तक ज्यादा निवेशक या मजबूत बहीखाता नहीं हो पाया है। मोतीलाल ओसवाल ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी के फंड मैनेजर अजय खंडेलवाल कहते हैं, 'आम धारणा के विपरीत कई स्मॉलकैप के पास केबल, लॉजिस्टिक्स, ड्यूरेबल, फॉर्जिंग, केमिकल्स, वाहन कलपुर्जे जैसे क्षेत्रों में खासी बाजार हिस्सेदारी है और उनमें लंबे अरसे से बढ़त बनी हुई है तथा प्रबंधन भी अच्छा है। एडलवाइस म्युचुअल फंड के प्रेसिडेंट और सेल्स प्रमुख दीपक जैन भी कहते हैं कि ऐसे कई उभरते क्षेत्र इस समय स्मॉलकैप का हिस्सा हो सकते हैं, जिन्हें भारत में हो रही वृद्धि का फायदा मिलने की संभावना है। जब अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा रहता है तब इनमें से कई कंपनियां सूचकांक से ज्यादा बढ़ जाती हैं। खंडेलवाल बताते हैं, 'पिछले दो साल में निफ्टी स्मॉलकैप सूचकांक 25० की ईपीएस प्रति शेयर आय) सालाना 21 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़ी है और रिटर्न की सालाना चक्रवृद्धि दर 27 फीसदी रही है। मुनाफे में अच्छी वृद्धि, इक्विटी पर रिटर्न में लगातार बढ़ोतरी और बहीखाता दुरुस्त होने के कारण ऐसा रिटर्न मिल रहा है। स्मॉलकैप की मोटी कमाई जारी रह सकती है क्योंकि स्थिर आर्थिक माहौल, मांग और आपूर्ति की माफिक हालत और कच्चे माल की नरम कीमतें उनके लिए अच्छी होती हैं। टाटा म्युचुअल फंड के सीनियर फंड मैनेजर चंद्रप्रकाश पडियार भी इससे सहमत हैं। वह कहते हैं, 'भारत में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, चीन्1, यूरोप्1 पर लगातार बात हो रही है। इससे स्मॉल कैप श्रेणी को आगे और भी दौड़ लगाने का मौका मिल सकता है। निवेशक स्मॉलकैप योजनाओं को इसलिए भी पसंद करते हैं क्योंकि इनमें अल्फा सामने आने की बहुत संभावना रहती है। पडियार समझाते हैं, इस श्रेणी में कारोबार का आकार छोटा है, इसलिए पूंजीगत खर्च के कारण वृद्धि होने पर इनकी आय में बहुत तेज बढ़ोतरी होती है, जो लार्ज कैप या मिड कैप से बहुत अधिक होती है। इस कारण सामान्य से ज्यादा रिटर्न मिल सकता है। मगर ब्याज दरें ऊंची हों और अर्थव्यवस्था न बढ़े तो स्मॉलकैप फंडों का बढ़ना भी मुश्किल हो जाता है। इसलिए लार्ज कैप फंडों के मुकाबले इनमें ज्यादा उठापटक हो सकती है। जैन कहते हैं, 'इनका मूल्यांकन अतीत के औसत से ज्यादा है, इसलिए स्मॉल कैप में उतारचढ़ाव के लिए तैयार रहें। स्मॉलकैप योजनाओं में भारी गिरावट आ सकती है। 23 मार्च 2०2० को समाप्त वर्ष उसी दिन वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान बाजार निचले स्तर पर पहुंचा था में निफ्टी स्मॉलकैप 25० सूचकांक 43.9 फीसदी ढह गया था। निफ्टी सूचकांक उसी दौरान 5० सूचकांक 33.57 फीसदी ही गिरा था। जैन समझाते हैं कि इनमें कंपनियां बहुत अधिक होती हैं मगर शोध कम होता है और नए-पुराने दोनों तरह के कारोबार होते हैं, इसलिए लार्ज कैप के मुकाबले इनमें ज्यादा जोखिम है। इसलिए बाजार लुढ़का तो इनमें बहुत गिरावट आएगी। स्मॉलकैप योजनाओं रकम तभी लगाएं, जब लंबे अरसे के लिए रुक सकें। पडियार कहते हैं, 'जब रिटर्न ऊंचा होता है तो नए निवेशक भी स्मॉल कैप में चले आते हैं। इससे शेयर के भाव ज्यादा चढ़ जाते हैं और मूल्यांकन बढ़ता है। इसलिए स्मॉलकैप फंडों पर लंबे समय के लिए दांव लगाएं और बार-बार बिकवाली नहीं करें।

# नकदी की जरूरत के हिसाब से करें टैक्स बचत

पिछले वित्त वर्ष में कर बचाने के लिए अगर आपको 31 मार्च तक निवेश की अफरातफरी में फंसना पड़ा था तो आपको वह रफ्तार नए वित्त वर्ष की शुरुआत में भी बरकरार रखनी चाहिए। वित्त वर्ष 2०24-25 के लिए कर बचाने की योजना अगर शुरू में ही बना ली जाएगी तो आपको साल भर अपने रुपये-पैसे को अच्छी तरह संभालने में मदद मिलेगी और कर बचाने के लिए आप वहां निवेश कर पाएंगे, जहां से सबसे ज्यादा फायदा मिलता है।

प्लान अहेड वेल्थ एडवाइजर्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्याधिकारी विशाल धवन कहते हैं, 'कर बचाने की शुरुआत साल की शुरुआत में ही कर ली तो आप साल के आखिर में होने वाले तनाव से बच सकते हैं। यह तनाव तब होता है, जब आपकी कंपनी या नियोक्ता कर बचत के लिए किए गए निवेश के सबूत मांगने लगते हैं। योजना शुरू में ही बना ली तो कर कर बचाने के लिए निवेश करते समय अपने वित्तीय लक्ष्यों को ध्यान रखना आसान होता है।

अरविंद राव ऐंड एसोसिएट्स के संस्थापक अरविंद ए राव का कहना है, 'जब आप कर देनदारी के बारे में पूरे साल की योजना बना लेते हैं तो आपको अच्छी तरह पता होता है कि कर कितना बनेगा और नकदी खर्च या निवेश करने के मामले में भी आपका अधिक नियंत्रण होता है। ऐसे में आप निवेश के मौकों का भी ज्यादा से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। सबसे पहले देखिए कि पूरे साल में आपके ऊपर कितना कर बनने वाला है। अगर आप नौकरीपेशा हैं तो पिछले साल में तनख्वाह में हुई बढ़ोतरी के हिसाब से अनुमान लगाएं कि इस साल आपके वेतन में कितनी वृद्धि हो सकती है। धवन बताते हैं, 'पिछले साल जो भी कमाई हुई थी, उसके हिसाब से इस बार की कमाई का अंदाजा लगाएं। यह भी देखें कि कहां-कहां कर अपने आप बच जाएगा मसलन स्कूल फीस, कर्मचारी भविष्य निधि में अंशदान आदि। कुछ खर्च ऐसे होते हैं, जिनकी किस्तें चल रही होती हैं जैसे जीवन बीमा प्रीमियम, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम और इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान शामिल हैं। अगर आपका होम लोन चल रहा है तो बैंक या वित्तीय कंपनी से पूछिए कि उस वित्त वर्ष में आपसे कुल कितना मूलधन लिया जाएगा और कितना ब्याज वसूला जाएगा। नौकरीपेशा लोग देखें कि साल भर में उनका कितना ईपीएफ कटेगा।

राव एक अहम सलाह देते हैं। उनका कहना है कि अपनी कर देनदारी के हिसाब से देख लें कि आपके लिए पुरानी कर व्यवस्था बेहतर रहेगी या नई कर व्यवस्था में कम कर लगेगा। उसके हिसाब से ही आपको निवेश करना चाहिए।

आखिरी समय में एकाएक निवेश करके आप थोड़ा-बहुत कर तो बचा सकते हैं मगर आपके




वित्तीय लक्ष्यों को इससे कोई फायदा नहीं होता। मान लीजिए कि कर बचाने के फेर में आप हड़बड़ी करते हुए सामान्य जीवन बीमा पॉलिसी खरीद लेते हैं तो हो सकता है कि उसमें पर्याप्त रकम का बीमा न हो और अच्छा रिटर्न भी न मिले।

जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज के संस्थापक संतोष जोसेफ मानते हैं, 'वित्तीय लक्ष्यों को कर योजना के हिसाब से ढालने पर आप अपने पैसे का ज्यादा अच्छा इस्तेमाल कर पाएंगे यानी वित्तीय लक्ष्य भी पूरे कर पाएंगे और कर भी बचा पाएंगे।' अगर आपके जीवनसाथी, माता-पिता और बच्चे आप पर आश्रित हैं तो अच्छी खासी रकम का टर्म बीमा खरीदना चाहिए।

निवेश विकल्पों की कमी नहीं

कर योग्य आय में से 1.5 लाख रुपये तक की कटौती आयकर अधिनियम की धारा 8०सी के तहत हो सकती है। इसके लिए ईपीएफ और लोक भविष्य निधि में अंशदान किया जा सकता है, जीवन बीमा प्रीमियम, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र, ईएलएसएस, सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश किया जा सकता है। दो बच्चों की ट्यूशन फीस और होम लोन के तहत चुकाया गया मूलधन भी इसी के दायरे में आता है। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में 5०,००० रुपये तक का अंशदान धारा 8० सीसीडी के तहत कटौती का पात्र है, जो धारा 8० सीसीडी (1) के तहत 1.5 लाख रुपये की कटौती के अलावा है। अपने, जीवनसाथी, संतान और माता-पिता के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के जरिये कुल 25,००० रुपये सालाना की कटौती का लाभ मिल सकता है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह कटौती 5०,००० रुपये है।

धवन कहते हैं युवा निवेशकों को ईएलएसएस ज्यादा कारगर लग सकता है क्योंकि इसमें लॉक-इन अवधि छोटी होती है और महंगाई के हिसाब से ज्यादा रिटर्न हासिल हो जाता है। चक्रवृद्धि का फायदा उठाने और कर बचाते हुए रिटायरमेंट के लिए पैसा बचाने के लिहाज से युवा निवेशक एनपीएस में रकम लगाने के बारे में भी सोच सकते हैं।

जोसेफ की बुजुर्गों के लिए खास सलाह है। वह कहते हैं, 'जिन वरिष्ठ नागरिकों के पास कोई सक्रिय आय नहीं है, उन्हें भी यह पक्का कर लेना चाहिए कि उनके पास आने वाली नकदी पर कम से कम कर कटे।

यह जरूर ध्यान रखें कि आपका निवेश आपके वित्तीय लक्ष्यों से मेल खाता हो। मान लीजिए कि आप कई साल तक चलने वाली यूनिट-लिंक्ड बीमा योजना में निवेश करना चाहते हैं या होम लोन लेने की सोच रहे हैं तो पहले यह देखिए कि ये दोनों आपके वित्तीय लक्ष्यों के माफिक हैं या नहीं और इनसे आपके पास नकदी की कमी तो नहीं हो जाएगी।

धवन की सलाह है, 'लंबी अवधि के लक्ष्यों के लिए एनपीएस, सेवानिवृत्ति के अनुकूल म्युचुअल फंड, पीपीएफ, ईपीएफ और ईएलएसएस पर विचार किया जा सकता है। अगर लक्ष्य उतने दूर नहीं हैं तो आप सावधि जमा पर विचार कर सकते हैं। स्वास्थ्य बीमा सबके पास होना चाहिए क्योंकि इससे धारा 8०डी के तहत फायदा मिलता है। राव की सलाह कुछ अलग है। वह कहते हैं, 'कर बचाते समय कम अवधि के किसी भी लक्ष्य का ध्यान नहीं रखना चाहिए।

# जोखिम उठाएं, चुनें ऐक्टिव मिडकैप स्मॉलकैप फंड

एसऐंडपी डाओ जोन्स कैप सूचकांक ने हाल ही में दिसंबर में खत्म कैलेंडर वर्ष 2०23 के लिए एसऐंडपी सूचकांक बनाम ऐक्टिव फंड भारत का स्कोरकार्ड जारी किया है। पांच साल के लिहाज से 85.7 फीसदी लार्जकैप फंड अपने बेंचमार्क को मात देने में विफल रहे। लेकिन मिड और स्मॉलकैप श्रेणी में संख्या 58.1 फीसदी से कम रही।

ऐक्टिव फंड अपने बेंचमार्क को मात देने के लिए जूझ रहे हैं, खासकर लंबी अवधि वाले। मिरे ऐसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के ईटीएफ प्रोडक्ट प्रमुख एवं फंड मैनेजर सिद्धार्थ श्रीवास्तव का कहना है,



'अगर आपको लगता है कि ऐक्टिव फंडों में निवेश कर ही आप अल्फा का आनंद ले सकते हैं तो यह गलत है। पैसिव फंडों को सिर्फ इसलिए नजरअंदाज नहीं करें क्योंकि वे अपने बेंचमार्क के जैसे ही रिटर्न देते हैं। लार्जकैप ऐक्टिव फंडों का प्रदर्शन पिछले एक साल के दौरान सुधरा है। समस्थिति एडवाइजर्स के सह-संस्थापक रवि सरावगी कहते हैं, 'इस अवधि के दौरान सिर्फ 51.6 फीसदी लार्जकैप फंडों ने बेंचमार्क से कमतर प्रदर्शन किया है। यह पिछली एसपीआईवीए रिपोर्टों की तुलना में काफी कम है। उनके अनुसार, इसका एक कारण यह भी है कि लार्जकैप फंडों को मिडकैप एवं स्मॉलकैप शेयरों में 2० फीसदी तक निवेश की अनुमति है, जो बहुत अच्छा है। तीन, पांच और 1० वर्ष की अवधि के दौरान लार्जकैप श्रेणी का प्रदर्शन खराब बना हुआ है।

मिड और स्मॉलकैप श्रेणी में पिछले एक साल के दौरान 73.6 फीसदी फंडों ने खराब प्रदर्शन किया है। कुछ जानकारों का यह भी कहना है कि मिड और स्मॉलकैप श्रेणी को एकसाथ जोड़कर इसकी तुलना एसऐंडपी बीएसई 4०० मिड-स्मॉलकैप सूचकांक से करने से तस्वीर धुंधली हो गई है। सरावगी का कहना है, 'कोई निवेशक मिडकैप और स्मॉलकैप श्रेणी के लिए अलग-अलग आंकड़े देखना पसंद कर सकता है और उनके प्रदर्शन की तुलना क्रमशः बीएसई मिडकैप और एसऐंडपी बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक से होनी चाहिए थी। भले ही हर श्रेणी में फंडों की संख्या कम हो, मगर इससे काफी जानकारी मिलती।

एसपीआईवीए रिपोर्ट पैसिव बने रहने पर जोर देती है। सेबी के पंजीकृत निवेश सलाहकार और फिडुसिएरीज के संस्थापक अविनाश लूथड़िया कहते हैं, निवेशकों को निफ्टी 5० सूचकांक पर आधारित सिंगल मार्केट कैप भारित पैसिव इंडेक्स फंड से जुड़े रहना चाहिए।' अधिक अस्थिरता के कारण वह मिडकैप और स्मॉलकैप फंडों में निवेश की सलाह नहीं देते हैं।

बीते साल करीब 5० फीसदी लार्जकैप फंडों ने बेंचमार्क को मात दिया है, फिर भी वित्तीय सलाहकार इस श्रेणी में सक्रिय होने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। सरावगी ने कहा, 'एक साल के आंकड़ों के आधार पर, बेहतर प्रदर्शन की संभावना 5०-5० है। इसके अलावा लंबी अवधि के आंकड़े बताते हैं कि इस श्रेणी में जाने का रास्ता पैसिव ही है।

## खेल-खिलाड़ी

# शाहरुख खान ने राजस्थान से हार के बाद बढ़ाया अपनी टीम का हौसला

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2०24 के 31वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ राजस्थान की टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर बनी हुई है। उसके 12 अंक हो गए हैं। वहीं, कोलकाता की टीम आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। हमेशा की तरह ईडन गार्डेन्स में केकेआर को सपोर्ट करने के लिए टीम के मालिक शाहरुख खान भी पहुंचे थे। कोलकाता की पारी के दौरान शाहरुख काफी खुश नजर आए थे। हालांकि, जल्दी ही उनकी खुशी निराशा में बदल गई। जोस बटलर ने शतक लगाकर केकेआर की पकड़ से मैच छीन लिया। मैच के बाद शाहरुख केकेआर के ड्रेसिंग रूम में पहुंचे और उन्होंने टीम का हौसला भी बढ़ाया।

आईपीएल 2०24 के 31वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ राजस्थान की टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर बनी हुई है। उसके 12 अंक हो गए हैं। वहीं, कोलकाता की टीम आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। हमेशा की तरह ईडन गार्डेन्स में केकेआर को सपोर्ट करने के लिए टीम के मालिक शाहरुख खान भी पहुंचे थे। कोलकाता की पारी के



दौरान शाहरुख काफी खुश नजर आए थे। हालांकि, जल्दी ही उनकी खुशी निराशा में बदल गई। जोस बटलर ने शतक लगाकर केकेआर की पकड़ से मैच छीन लिया। मैच के बाद शाहरुख केकेआर के ड्रेसिंग रूम में पहुंचे और उन्होंने टीम का हौसला भी बढ़ाया। जब हम जीत के हकदार नहीं होते, लेकिन कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जो चीजें बदल देती हैं। मुझे लगता है कि आज हम हारने के हकदार नहीं थे। आप सभी ने बहुत अच्छा खेला। हमें खुद पर बहुत, बहुत गर्व होना चाहिए। कृपया उदास या निराश महसूस न करें। जब भी हम चेंजिंग रूम में आते हैं, तब जितना खुश महसूस करते हैं, उसी तरह से अभी भी हमें खुश रहना चाहिए। हम शीर्ष प्रदर्शन कर रहे हैं और इसे बरकरार रखें।

शाहरुख ने कहा- सबसे अहम चीज हमारी ऊर्जा है। मुझे लगता है कि हम मैदान पर पूरी ऊर्जा के साथ खेलते हैं। हम पूरा दम लगा देते हैं और सभी खिलाड़ी एकदूसरे से अच्छे से बंध भी रहे हैं। इसलिए कृपया ऐसा करना जारी रखें। आप सभी को शुभकामनाएं। ईमानदारी से कहूं तो जिस तरह से हम सभी खेले, वह देखना काफी शानदार था। मुझे लगता है कि आप सभी, मैं व्यक्तिगत नाम नहीं लूंगा, बहुत शानदार खेला। जीजी आप भी निराश मत हों। हम सब वापसी करेंगे। इस मैच के लिए ऊपर वाले की यही योजना थी। शाहरुख ने कहा- जैसा कि रिंकू कहते हैं, हमें इसे स्वीकार करना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। हम बेहतर योजनाओं के साथ वापसी करेंगे। आप सभी को धन्यवाद, ऊपर वाला आप सभी का भला करे। मैच खत्म होने के बाद शाहरुख को मैदान में घूमते हुए भी देखा गया। शाहरुख कोलकाता नाइट राइडर्स के सह-मालिक हैं। वह इस सीजन कई मैचों में कोलकाता को समर्थन देने के लिए स्टेडियम पहुंचे हैं।

# क्या दिल्ली के खिलाफ गुजरात की टीम में वापसी करेंगे मिलर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2०24 के 32वें मैच में गुजरात टाइटंस का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मैच में दोनों ही टीमें निरंतरता हासिल करने की कोशिश करेंगी। गुजरात और दिल्ली, दोनों इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक दूसरे को पराजित कर अंक तालिका में अपनी स्थिति को बेहतर करने की कोशिश करेंगी। पिछले दो सीजन की तरह गुजरात टाइटंस इस सीजन अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है। हालांकि, उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है।

गुजरात टाइटंस ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में अंतिम गेंद पर जीत हासिल की थी और अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल तीन में ही जीत सकी है और छह अंक लेकर अंक तालिका में छठे स्थान पर है। उसके अभी आठ मैच बाकी हैं। ऐसे में शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के पास चीजों का रूख बदलने के लिए काफी समय है।

हालांकि, मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए नुकसानदायक रही है, लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा। उमेश यादव ने अभी तक सात विकेट झटके हैं, लेकिन प्रति ओवर 1० से ज्यादा रन लुटाए हैं। उनके नई गेंद के जोड़ीदार स्पेंसर जॉनसन और अनुभवी मोहित शर्मा भी अपने इकोनोमी रेट में सुधार कर सकते हैं। स्टार स्पिनर राशिद खान ने अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की है, लेकिन वह अपने खाते में और विकेट डालना चाहेंगे। पिछले मैच में उनकी बदौलत गुजरात टाइटंस रोमांचक जीत हासिल करने में सफल रही और टीम भी उनसे बल्ले से इससे अधिक रनों की उम्मीद करेगी।

डेविड मिलर चोट की वजह से पिछले कुछ मैचों में नहीं खेले थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह फिट हो चुके हैं। हालांकि, उनकी वापसी को लेकर टीम मैनेजमेंट को अंतिम फैसला करना है। अगर मिलर की वापसी होती है तो प्लेइंग-11 में काफी फेरबदल करना होगा। मैथ्यू वेड और नूर अहमद में से किसी एक को बाहर बैठाना होगा। वहीं, ऋद्धिमान साहा की वापसी हो सकती है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की बात की जाए तो टीम फॉर्म और फिटनेस मुद्दों के कारण अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइग-11 जुटाने में असफल रही है। पांच मुकाबलों में चार हार के बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स पर मिली जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है। अगर उन्हें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए खुद को दौड़ में बनाए रखना है तो अपनी कमियों में सुधार करके मुकाबले जीतने होंगे।

**अमर भास्कर**

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**

**पिन कोड-2436०1**

***Email- amarbhashkar21@gmail.com***

***Whatsapp. No. 9411214614***

# दिल्ली से चोरी करने जाते लग्जरी कार में चोर



**देहरादून।** दिल्ली से मां-बेटा और बहू लग्जरी कार से चोरी करने आते थे। वह भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से लोगों के बैग से गहने और पैसे चुराते थे। किसी को शक न हो, इसलिए हाई-फाई बनकर बाजार में घूमते थे। पुलिस ने 10 अप्रैल को बाजार में हुई चोरी के तीनों आरोपी में से बेटा और बहू को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मां फरार है।

10 अप्रैल को आनंदपुर ग्राम चांदनी चौक बल्यूटिया निवासी इंद्रा दर्म्वाल अपनी बुआ के साथ बाजार में खरीदारी के लिए आई थीं। उन्होंने अपने बैग में पर्स रखा था, जिसमें सोने के झुमके, चांदी की पायल और सात हजार रुपये थे। कालू सिद्ध मंदिर के सामने वाली गली में उन्होंने सामान लेने के बाद पैसे निकालने के लिए बैग में हाथ डाला तो पर्स गायब था। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया। कि सीसीटीवी खंगाले गए तो दो महिलाएं चोरी करती दिखीं। इसके बाद ओके होटल चौराहे से वे ई-रिक्शा में बैठकर गांधी स्कूल के पास खड़ी कार में पहुंचीं।

इसके बाद कार एक गली में गई और महिलाओं ने कपड़े बदले और फिर चोरी करने बाजार में निकल गईं। कार नंबर के आधार पर तीनों की पहचान हुई। पुलिस ने टांडा जंगल के पास से मुफ्तीटोला इमली वाली मस्जिद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश व हाल निवासी काला महल जामा मस्जिद दिल्ली निवासी वसीम पुत्र बजीर अहमद को उसकी पत्नी आसिया के साथ गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी के झुमके, पायल और पांच हजार रुपये बरामद किए गए। वसीम की मां अभी फरार है।

इसके बाद कार एक गली में गई और महिलाओं ने कपड़े बदले और फिर चोरी करने बाजार में निकल गईं। कार नंबर के आधार पर तीनों की पहचान हुई। पुलिस ने टांडा जंगल के पास से मुफ्तीटोला इमली वाली मस्जिद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश व हाल निवासी काला महल जामा मस्जिद दिल्ली निवासी वसीम पुत्र बजीर अहमद को उसकी पत्नी आसिया के साथ गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी के झुमके, पायल और पांच हजार रुपये बरामद किए गए। वसीम की मां अभी फरार है।

# पोलिंग पार्टियां 18 को होंगी रवाना, मुरादाबाद में 19 को होगा मतदान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चुनाव आयोग के निर्देश पर बुधवार की शाम छह बजे के बाद चुनाव प्रचार थम जाएंगे। कोई सार्वजनिक सभा या बैठक करने की इजाजत नहीं मिलेगी। लाउडस्पीकर की आवाज अब चुनाव प्रचार के लिए सुनाई नहीं देगी। 19 अप्रैल को जनता अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर मतदान करेगी।

जिला उप निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद्र ने बताया कि आयोग के निर्देश पर 17 अप्रैल की शाम छह बजे के बाद चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। प्रत्याशी और उनके समर्थक आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करेंगे। मीडिया को निर्धारित निर्देशों का पालन करना होगा। इस दौरान प्रेक्षकों की टीम प्रत्याशियों और उनके समर्थकों पर निगरानी रखेगी।

वीडियो सर्विलांस टीम, फ्लाइंग स्क्वाड, एसएसटी चेकिंग का कार्य जारी रखेंगे। मतदान के लिए 18 अप्रैल को बुद्धि विहार स्थित मैदान से पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएंगी। प्रत्येक बूथ के लिए अलग-अलग पोलिंग पार्टियां भेजी जाएंगी। डीएम मानवेंद्र सिंह ने मंडी समिति स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के बाहर सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने मंडी समिति स्थित स्ट्रांग रूम का मंगलवार को निरीक्षण कर लोकसभा चुनाव से



संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पोलिंग पार्टी रवाना स्थल पर पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बताया कि एआरटीओ पर्याप्त संख्या में वाहनों को चुनाव अधिकारियों को उपलब्ध कराएंगे। स्ट्रांग रूम के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। स्ट्रांग रूम गेट के बाहर सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। सभी अधिकारी चुनाव ड्यूटी में लगने वाले वाहनों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा कराएंगे। पोलिंग सामग्री वितरण के लिए लगाए गए टेंट का भी डीएम ने निरीक्षण किया।

इसके साथ ही मौसम परिवर्तन बरसात आदि से चुनाव सामग्री के बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, एसपी सिटी, जिला पूर्ति अधिकारी, एआरटीओ, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीएम मानवेंद्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कोई अधिकारी अपने कार्यों में शिथिलता नहीं बरतेगा। लापरवाही मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। पंचायत भवन सभागार में डीएम मानवेंद्र सिंह ने चुनाव में तैनात जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्यों को सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

चेताया कि निर्वाचन कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यों को संपादित करना होगा। पोलिंग पार्टी रवाना होने और ईवीएम जमा होने तक सेक्टर मजिस्ट्रेटों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके अलावा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट बैठक में बताए गए प्रोटोकॉल का शत प्रतिशत पालन करेंगे। बैठक में एडीएम सिटी ज्योति सिंह, एडीएम न्यायिक शशि भूषण, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, ज्वाइंट मजिस्स्ट्रेट सुनील धनवंता, एसडीएम सदर, एसडीएम कांठ, एसडीएम ठाकुरद्वारा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हल्द्वानी में और बढ़ेगा पानी का संकट, बूंद-बूंद को तरस सकते हैं लोग



**हल्द्वानी।** गर्मी बढ़ने और गौला का जलस्तर कम होने का असर अब शहर में भी दिखने लगा है। गौला की पेयजल लाइन वाले कई इलाकों में पानी का संकट गहरा गया है। बारिश नहीं होने से गौला का जलस्तर 99 क्यूसेक पहुंच गया है, जबकि मार्च में बारिश होने के बाद जलस्तर 200 क्यूसेक पहुंच गया था। लगातार जलस्तर घटने से अब नहरों और फिल्टर प्लांट को पर्याप्त पानी नहीं मिल सकेगा। दमुवाढूंगा, हिम्मतपुर भगवानपुर, इंदिरा नगर, नैनीताल रोड, बरेली रोड और लालडांठ के कई इलाकों में गौला की पेयजल लाइन से पानी मिलता है लेकिन गर्मी की शुरुआत होते ही इन लाइनों में प्रेशर कम होने लगा है। गौला से 35 एमएलडी पानी शीशमहल फिल्टर प्लांट को दिया जाता है, जबकि 100 क्यूसेक पानी की आवश्यकता हर रोज सिंचाई के लिए रहती है।

जलस्तर कम होने पर रोस्टर के हिसाब से किसानों को पानी दिया जाता है। विभाग की मानें तो शहर को हर दिन 150 से 200 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है लेकिन अब गौला का जलस्तर 99 क्यूसेक रहने से फिल्टर प्लांट को पानी देने के बाद मात्र 84 क्यूसेक पानी गौला में भेजा जा रहा है, जिससे सिंचाई के लिए भी संकट पैदा होने लगा है। गौला से हर रोज 35 एमएलडी पानी फिल्टर प्लांट को दिया जाता है। जिससे शहर में पेयजल की आपूर्ति होती है। बचे हुए पानी को सिंचाई विभाग आवश्यकता अनुसार नहरों के माध्यम से बांटता है।

## सार-संक्षेप

### नवमी पर कन्या जिमाकर आशीर्वाद लिया, मंदिरों में दर्शन को पहुंचे भक्त



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चैत्र नवरात्र की नवमी को शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। घरों में पूजन करने के बाद मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजन किया और परिजनों के अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की। इसके साथ ही मातारानी को भोग लगाकर कन्याएं जिमाईं और उनसे भी आशीर्वाद लिया। शहर के अधिकांश मंदिरों के कपाट सुबह चार बजे ही खुल गए थे। भक्त सुबह से ही मंदिरों में आने लगे। मंदिर में हवन, यज्ञ और भंडारा किया गया। श्रद्धालुओं ने नवमी का पूजन किया। काली माता मंदिर में माता के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे। मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा की और मनोकामना मांगी। मंदिर के बाहर लगे मेले में बच्चों ने खूब आनंद लिया। खानेपीने की दुकानों के अलावा विभिन्न प्रकार के झूले और खिलौनों की दुकानें हैं। मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में सुबह हवन-पूजन किया गया और शाम को महिला संकीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। माता मंदिर लाइनपार में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इसके अलावा दुर्गा मंदिर, शिव हरि मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर झांझनपुर, राधा-कृष्ण मंदिर सिविल लाइंस, हुल्का देवी मंदिर आदि में भी भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं, घरों में भी लोगों ने पूजा-अर्चना के बाद कन्याएं जिमाईं। उन्हें हलवा-चना और पूड़ी का प्रसाद दिया गया। बाद में उपहार भी दिए। अशोक नगर के शिव शक्ति मंदिर में मातारानी का कीर्तन कर उनका गुणगान किया गया। कन्याओं का पूजन किया गया और उन्हें प्रसाद दिया गया।

### गांव में हो रही पंचायत में बैठे युवक को पीट-पीटकर किया घायल



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** मंगलवार की रात्रि में हो रही गांव में पंचायत में बैठे युवक को पीट पीट कर किया घायल पीड़ित के परिजनों ने थाना असमोली में दी तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा जिला अस्पताल थाना असमोली क्षेत्र के राहुल पुत्र रमेश निवासी रूस्तमपुर नियावली गांव में हो रही पंचायत में बैठा था। पंचायत अंबेडकर जयंती से संबंधित चल रही थी।

जिसमें घायल राहुल ने कुछ बात अपनी रखी तो लोगों ने विरोध किया। और आपस में कहा सुनी होने लगी। तो पंचायत में बैठे नवनीत सुरजीत विवेक तथा उसके दो रिश्तेदार सोनू और आलोक ने राहुल को पीटकर घायल कर दिया घायल के परिजनों ने थाना पहुंचकर तहरीर दी तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए। जिला अस्पताल भेजा जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

# सीएम धामी ने बाबा नीम करौली का लिया आशीर्वाद



**उत्तराखंड।** राम नवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। सीएम ने बीस मिनट तक कैंची में बाबा का ध्यान लगाया। साथ ही मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात की। सीएम धामी बुधवार की दोपहर 1.30 बजे कैंची धाम पहुंचे थे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि सीएम ने बाबा की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। साथ ही मंदिर आए भक्तों से भी बात की। आधे घंटे के बाद सीएम वापस हल्द्वानी की ओर रवाना हो गए।

# हर्षउल्लास से मनाई चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य जयंती

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चन्दौसी।** ग्राम प्रधान अरविन्द मौर्य के आवास पर ग्राम मल्हपुर भवानी मे पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार मौर्य की अध्यक्षता में महान शासक चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की जयंती धूमधाम से मनाई गई।



क्षेत्र से भी तमाम अशोक अनुयाई कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम के दौरान युवाओं में काफी उत्साह दिखा चक्रवर्ती सम्राट अशोक के शिद्धानतो का युवाओं ने संकल्प लिया। और उनके बताये गये। मार्गो पे चल ने की बात कही गई। इसी दौरान एडवोकेट राहुल मौर्य ने कहा सम्राट अशोक एक महान एवं वीर शासक थे जिन्होंने अपने पूरे जीवन में एक भी युद्ध नहीं हारे। सम्राट अशोक के ही समय में 23 विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। जिसमें तक्षशिला, नालन्दा, विक्रमशिला, कन्धार आदि विश्वविद्यालय प्रमुख थे इस दौरान हजारीलाल मौर्य पूर्व प्रधान राहुल मौर्य जिला सहसंयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ भाजपा रामवीर सैनी, राजाराम मौर्य, पुर्व जिला अध्यक्ष मौर्य, सैनी कुशवाहा शाक्य, समाज गुलशन, आदि लोग मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ निकाली बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की शोभायात्रा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** मंगलवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति ग्राम ऐचोली जनपद सम्भल के द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की शोभायात्रा अम्बेडकर पार्क ऐचोली से लेकर मैंन अड्डा पाल मौहल्ले से होकर मैंन चैराया से होती हुई। रामकेश के मौहल्ले से होकर फिर बाल्मीकि मौहल्ले में होते हुए अम्बेडकर पार्क तक निकाली गई। और पार्क में ही शोभायात्रा का समापन किया गया। और समिति के पधाधिकारी व कुछ वक्ताओं द्वारा अपने अपने बिचार रखे जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता हरद्वारी



लाल ने और संचालन मेघ सिंह गौतम ने किया। और जिसमे समिति के अध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के बारे में बताया। कि बाबा साहब ने इतनी कठिन परेशानी में शिक्षा प्राप्त की और इस देश को लिखित संविधान दिया और जिसमें सभी को समानता का अधिकार दिया बाबा साहब ने 32 डिग्री हासिल की और नौ भाषाओं का ज्ञान था।

बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने जो भारत के लिए संविधान लिखा है। हम सभी बहुत-बहुत आभारी हैं और सदैव आभारी रहेंगे। जिससे की सभी को सामान्य अधिकार दिए गए हैं। कार्यक्रम में आए सभी भक्तों ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा दिए गए आदर्शों पर चलने की अपील की। कार्यक्रम अम्बेडकर पार्क ग्राम ऐचैली मे सायं पांच बजे से रात्रि चार बजे तक अयाश म्यूजिकल ग्रुप अलीगढ़ उत्तर-प्रदेश के आयोजको द्वारा दन्नी म्यूजिक, संगीत, रागनी के माध्यम से बाबा सहाव डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर समस्त पधाधिकारीगण और ग्रामवासीगण जिसमें सचिन, वटी, ग्राम प्रधान रघुनाथ दिवाकर, अजय, कल्लू, प्रेमशंकर, नन्हू डीलर, अतरसिंह सुनील दिवाकर, रउफ शेखजी, शहाबुद्दीन सैफी सुबोधपाल महाराम पाल, धनी अरविन्द मास्टर, बोबी, विनोद, श्यामसिंह, हरप्रसाद, छोटे यादव, दन्नी, पूरन रिकू, अजयपाल आदि उपस्थित रहे।

# बिनु सत्संग विवेक ना होई राम कृपा बिना सुलभ न सोई: रवी

**गुन्नौर।** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव करकोरा में प्रधान रवि कुमार ने रामनवमी के शुभ अवसर पर लोगों को बधाई दी और उन्होंने कहा कि आज के ही दिन हमारे प्रभु राम का जन्म हुआ था। जिसमें उन्होंने लिखा है। बिनु सत्संग विवेक ना होई राम कृपा बिना सुलभ न सोई। सत्संग के बिना विवेक नहीं होता और राम की कृपा के बिना वह सत्संग सहज में मिलता नहीं। सत्संगति आनंद और कल्याण की जड़ हमें भगवान राम के आदर्शों पर चलना चाहिए।



रवि प्रधान रामनवमी का पावन पर्व देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष और भाजपा नेता रवि प्रधान ने क्षेत्र और ग्राम वासियों को रामनवमी की बधाई दी रवि प्रधान ने कहा। कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र का जीवन हर युग में मानवता की प्रेरणा शक्ति बना रहेगा उनका जीवन त्याग तपस्या स्वयं और संकल्प पर आधारित था। हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। जिससे हमारे समाज का उत्थान हो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर मनाए जाने वाला हर्ष उल्लास एवं समृद्धि से परिपूर्ण यह तोहार हमें निस्वार्थ सेवा का संदेश देता है।

# पुलिस ने अंतर्जनपदीय गिरोह का किया भंडाफोड़



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** थाना बहजोई पुलिस ने अंतर्जनपदीय गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार कर एक बहुत बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। थाना बहजोई पुलिस अपराध करने वाले तथा अपराधियों को पकड़ने के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी।

जिसके अंतर्गत थाना बहजोई पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई। सूचना पाकर थाना बहजोई पुलिस बिना देरी के मौके पर पहुंच गई और डी. के ढाबा बहजोई से बदमाश अफरोज अली पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी हमीरपुर मजरा मिल्क दास तथा अता मोहम्मद पुत्र राशिद अली निवासी ग्राम हमीरपुर मजरा खुशहालपुर और मुजाहिद उल इस्लाम पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम ढक्का एवं मुनाजिर पुत्र रईस अहमद ग्राम ढक्का जनपद रामपुर को 28 कुंटल सरिया तथा एक कैंटर गाड़ी और अवैध शस्त्रों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# डॉक्टर से प्रोफेसर तक रहे हैं सांसद, राजनीति में शामिल हो बनाई अगल छवि

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सांसदों में डॉक्टर से लेकर प्रोफेसर तक शामिल हैं। ये सांसद वर्ष 1977 से 2019 के बीच चुने गए हैं। जो सांसद बनने के बाद भी अपने पेशे को नहीं छोड़ा। मुरादाबाद से वर्तमान सपा सांसद डॉ. एसटी हसन एक सर्जन है।

संभल से 2004 में प्रो. रामगोपाल यादव को जनता ने सांसद चुनकर संसद भेजा था। राजनीति से पहले प्रोफेसर रामगोपाल यादव इटावा स्थित एक कॉलेज में प्रवक्ता रह चुके हैं। नगीना के मतदाताओं ने 2014 में डॉ. यशवंत सिंह को सांसद चुनकर संसद भेजा था।

डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा रामपुर से 1977 और 1991 में सांसद चुने गए थे। हाथरस के रहने वाले राजेंद्र कुमार शर्मा ने अलीगढ़ मुस्लिम



विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली से जैव रसायन विज्ञान में डिग्री हासिल की थी। उन्होंने पैथोलॉजी में डीएससी और जैव रसायन में पीएचडी की। उन्हें 2014 में रॉयल सोसायटी ऑफ द आर्ट्स का फेलो चुना गया था।

2019 में चुने गए मुरादाबाद के सांसद डॉ. एसटी हसन ने 1981 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से एमबीबीएस किया था। इसके बाद उन्होंने मास्टर इन सर्जरी की। सांसद बनने के बाद भी डॉ. एसटी हसन आज भी मरीज देखते हैं। वह 2006 से 2012 तक मुरादाबाद के मेयर रहे। डॉ. यशवंत सिंह 2014 में नगीना से सांसद रह चुके हैं। पेशे से वह एक डॉक्टर हैं। उन्होंने नेहरू मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली से पैथोलॉजी में एमडी की उपाधि प्राप्त की है। वह विधायक भी रह चुके हैं।

# फौज की मदद से जीती, तो कोर्ट में हार रही नवाज शरीफ की पार्टी, गई दो सांसदों की कुर्सी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज को बड़ा झटका लगा है और उसे नेशनल असेंबली में दो सीटें गंवानी पड़ी हैं। दरअसल लाहौर हाईकोर्ट की पीठ ने पाकिस्तान पंजाब के गुंजरावाला और लोधरान से विजेता घोषित किए गए दो सांसदों के जीत का नोटिफिकेशन पर रोक लगा दी है।

लाहौर हाईकोर्ट के जस्टिस शाहिद करीम ने मंगलवार को यह आदेश दिया, जिसके तहत गुंजरावाला सीट से पीएमएलएन के सांसद अजहर कयूम नाहरा के निर्वाचन के खिलाफ पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार चौधरी बिलाल इजाज को विजेता घोषित किया गया। इजाज के वकील ने बताया कि उसके मुवक्किल को पहले 7,791 वोटों से विजेता घोषित किया गया था, लेकिन चुनाव आयोग ने नाहरा की अपील पर फिर से वोटों की गिनती की, जिसमें पीएमएलएन नेता नाहरा को 3,100 वोटों से विजेता घोषित किया गया। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के वकील ने बताया कि वोटों की दोबारा गिनती में करीब 10 हजार वोटों को कैंसिल किया गया।

जस्टिस करीम ने कहा कि पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती दोबारा करना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। वहीं लाहौर हाईकोर्ट की बहावलपुर बेंच ने पीएमएलएन के सांसद अब्दुल रहमान कानजु के निर्वाचन को रद्द करके पीटीआई समर्थित निर्दलीय राना फराज नून को विजेता घोषित किया। अब दोनों पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को नेशनल असेंबली की शपथ दिलाई जा सकती है। ननकाना साहिब नेशनल असेंबली सीट से सांसद राना अरशद की जीत पर भी स्टे लगा दिया गया है।

निर्दलीय उम्मीदवार मोहम्मद आतिफ ने पीएमएलएन सांसद के खिलाफ याचिका दायर की थी। वहीं लाहौर नेशनल असेंबली सीट 130 पर पूर्व पीएम नवाज शरीफ की जीत को भी हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. यासमीन राशिद ने यह याचिका दायर की है।

## भारत ने हाईटेक लैब का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारत के सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने 15-18 अप्रैल तक उज्बेकिस्तान की यात्रा पर गए हैं। इस दौरान उन्होंने उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी में उच्च तकनीक आईटी प्रयोगशाला का उद्घाटन भी किया। दरअसल भारत और उज्बेकिस्तान अपने संबंधों को मजबूत के दिशा में प्रयास कर रहा है।

उसी कोशिश में दोनों ही देशों के सेना प्रमुख की बैठक आयोजत हुई। इस दौरान कई विषयों पर चर्चा की गई। बता दें कि सितंबर 2018 में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक हो चुकी थी। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि रक्षा मंत्रियों की बैठक दोनों देशों के रक्षा सहयोग के लिए मील का पत्थर होगी।

कहा कि बताया कि रक्षा मंत्रियों की बैठक में आईटी लैब स्थापना पर चर्चा की गई थी। 2019 में इस योजना को मंजूरी मिली। विदेश मंत्रालय की यूरेशिया की सहायता के माध्यम से स्वीकृत किया गया। लैब की स्थापना को बजट का प्रस्ताव भेजा गया था।

# गाजा में अल-मगाजी शरणार्थी शिविर पर हमले में 13 की मौत, कई घायल

**यरुशलम।** इस्राइल और गाजा के बीच संघर्ष थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां देखो वहां तबाही का मंजर है, कहीं धमाकों की गूंज तो कहीं चीख-पुकार सुनाई देती है।ताजा मामला मध्य गाजा से सामने आया है, जहां मंगलवार को अल-मगाजी शरणार्थी शिविर को निशाना बनाकर हमला किया गया।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार इसमें सात बच्चों सहित कम से कम 13 लोग मारे गए और 25 से अधिक अन्य घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी निहाद औदेतल्लाह से प्राप्त एक ग्राफिक वीडियो में कई हताहत लोग फर्श पर पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं।

कई लोग घबराहट में इधर-उधर भागते, चिल्लाते और शवों को गिनने और ले जाने की कोशिश करते दिखाई दिए। शिविर में रहने वाले ओवडेटल्ला ने सीएनएन को बताया कि उन्होंने मंगलवार को दोपहर करीब 3:40 बजे अपने से



लगभग 30 से 40 मीटर की दूरी पर एक विस्फोट की आवाज सुनी। उन्होंने कहा कि मैं तुरंत यह देखने के लिए चला गया कि क्या हुआ, लेकिन जब पहुंचा तो देखा कि जमीन पर शवों के ढेर थे।

उन्होंने आगे बताया कि लोग चिल्ला रहे थे और बच्चे जमीन पर मरे पड़े थे। अल-अक्सा शहीद अस्पताल से ली गई फुटेज में आपातकालीन कक्ष में भारी तादाद में मरीज पाए गए। परिवार के सदस्य अपने प्रियजनों के शवों के पास इकट्ठे हो गए, उन्हें पकड़कर रोते दिखाई दिए। इसके अलावा अस्पताल के मुर्दाघर के एक वीडियो में परिवार अपने प्रियजनों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

## लेबनान में आईडीएफ ने हिजबुल्ला के तीन लड़ाके मार गिराए



**तेहरान।** ईरान-इस्राइल संघर्ष के बीच इस्राइली सुरक्षा बल ने बताया कि उन्होंने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के दो कमांडर समेत तीन लड़ाके मार गिराए हैं। आईडीएफकी तरफ से जारी बयान में कहा गया कि राडवान बलों के पश्चिमी क्षेत्र के रॉकेट और मिसाइल यूनिट के कमांडर मोहम्मद हुसैन शाहोरी हवाई हमले में मारा गया।

आईडीएफने कहा, ष्मोहम्मद ने लेबनान की तरफसे इस्राइली क्षेत्र में रॉकेट और मिसाइलों को लॉन्च करने की योजना बनाने में मुख्य भूमिका निभाई थी।ष् इसके साथ ही उन्होंने कहा, ष्हिजबुल्ला के रॉकेट और मिसाइल यूनिट का संचालक मोहम्मद इब्राहिम फादल्लाह भी इस हवाई हमले में मारा गया। एक अलग बयान में आईडीएफने बताया कि लेबनान के ऐन एबेल क्षेत्र में हिजबुल्ला के तटीय क्षेत्र के कमांडर इस्माइल यूसुफबज को दक्षिणी लेबनान में मार दिया गया है। हिजबुल्ला ने अपने तीन लड़ाके की मौतों की पुष्टि की है।

एक इस्राइली अधिकारी ने कहा कि ईरान के हवाई हमले की जवाबी कार्रवाई करने के लिए युद्ध कैबिनेट के साथ जो बैठक हुई थी वह खत्म हो चुकी है। सूत्रों ने इस बैठक से जुड़ी अन्य जानकारी पर कोई बात नहीं की है। ईरान के हमले के बाद स्थानीय समयानुसार 12:30 बजे युद्ध कैबिनेट के साथ बैठक शुरू हुई थी।

# ड्रोन कार्यक्रमों पर नए प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका

**तेहरान।** ईरान द्वारा इस्राइल पर हमले के बाद से पश्चिमी एशिया में तनाव और बढ़ गया है। ईरान की इस हमले की कई देशों ने व्यापक निंदा की है। हालांकि ईरान ने अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा है कि उसने इस्राइल द्वारा सीरिया में अपने दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया है। इसी बीच, अमेरिका ने कहा है कि वह ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगाएगा।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि अमेरिका ईरान के मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों पर नए प्रतिबंध लगाएगा इसके अलावा इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और ईरान के रक्षा मंत्रालय का समर्थन करने वाली संस्थाओं पर भी आने वाले दिनों में नए प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

सुलिवन ने ताजा बयान में कहा कि इस्राइल के खिलाफ ईरान के हवाई हमले के बाद राष्ट्रपति बाइडन



जी7 सहित सहयोगियों और भागीदारों और कांग्रेस में द्विदलीय नेताओं के साथ व्यापक प्रतिक्रिया पर समन्वय कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान को निशाना बनाते हुए कई तरह के प्रतिबंध लगाएगा। जेक ने अपील करते हुए कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों से भी ईरान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की उम्मीद करता है। अमेरिका ईरान की मिसाइल और यूएवी क्षमताओं की प्रभावशीलता को और कम करने के लिए मध्य पूर्व में वायु और मिसाइल रक्षा और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को और मजबूत करने के लिए अपना कान जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारे सहयोगी जल्द ही प्रतिबंधों का पालन करेंगे। अपने ताजा बयान में उन्होंने यह भी कहा कि हम वायु और मिसाइल रक्षा के सफल एकीकरण को और मजबूत करने और विस्तारित करने के लिए रक्षा विभाग और अमेरिकी सेंट्रल कमांड के जरिए काम कर रहे हैं और हम इसे आगे भी जारी रखेंगे।

इससे हम पूरे मध्य पूर्व में ईरान की मिसाइल और यूएवी क्षमताओं की प्रभावशीलता को और कम कर पाएंगे। ईरान पर नए प्रतिबंधों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि नए प्रतिबंध और अन्य उपाय ईरान की सैन्य क्षमता और प्रभावशीलता को नियंत्रित करने और कम करने के लिए हैं। ये उस पर दबाव बनाने के लिए लगातार जारी रहेंगे। अमेरिका ने बीते तीन सालों में मिसाइल और ड्रोन से संबंधित प्रतिबंधों के अलावा, आतंकवाद से जुड़े 600 से अधिक व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाए हैं।

## इस्राइल-ईरान में किसकी सेना ज्यादा मजबूत

**सीरिया।** देश में ईरानी दूतावास पर हमले के बाद ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया है। इस हमले में ईरान के 11 सैनिक मारे गए थे, जिसका आरोप इस्राइल पर लगा। इसके बाद बीते शनिवार को ईरान ने इस्राइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। वहीं इस कार्रवाई पर इस्राइल ने कड़ी प्रतिक्रिया देने की चेतावनी दी है। इस तनाव के बीच दुनिया के देशों का धुरियों में बंटना भी शुरू हो गया है।

ब्रिटेन ने कहा है कि वह इस्राइल को हथियारों का निर्यात करना जारी रखेगा। इस बढ़ते तनाव के बीच दोनों देश अपनी सैन्य क्षमता का भी प्रदर्शन कर रहे हैं। दोनों देशों के पास कौन-कौन से हथियार हैं। ग्लोबल फायर पावर संस्था मौजूदा उपलब्ध मारक क्षमता के आधार पर देशों की रैंकिंग जारी करती है। किसी देश के पावरइंडेक्स स्कोर को निर्धारित करने के लिए 60 से अधिक कारकों का



उपयोग करके यह रैंकिंग की जाती है। 2024 के लिए जारी की गई ग्लोबल फायर पावर रैंकिंग के अनुसार, ईरान की सैन्य क्षमता दुनिया में 14वीं सबसे बड़ी है।

इसका पावरइंडेक्स स्कोर 0.2269 आंका गया है। 0.0000 का स्कोर परफेक्ट माना जाता है। वहीं दूसरी ओर इस्राइल की सैन्य क्षमता देखें तो इसकी सेना दुनिया में 17वें स्थान पर है। इस्राइल का पावरइंडेक्स स्कोर 0.2596 है।

# इस्राइल की सुरक्षा के लिए ब्रिटेन के समर्थन की बात दोहराई

**ब्रिटेन।** देश के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को अपने इस्राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सप्ताहांत में ईरान के हमले के बाद इस्राइल की सुरक्षा के लिए ब्रिटेन के समर्थन की बात दोहराई।

ब्रिटेन के पीएम ने कहा कि तनाव के और ज्यादा बढ़ने से क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ेगी। एक्स पर एक पोस्ट में, ऋषि सुनक ने कहा, आज पहले, मैंने प्रधान मंत्री नेतन्याहू से बात की और बीते वीकेंड पर ईरान के लापरवाह हमले के बाद इस्राइल की सुरक्षा के प्रति अपना समर्थन दोहराया।



तनाव में वृद्धि केवल क्षेत्र में अस्थिरता को गहरा करेगी। यह शांत रहने का समय है। वार्ता के दौरान, सुनक ने कहा कि ईरान ने बहुत बुरी तरह से अनुमान लगाया और जी-7 की राजनीतिक पहल के बाद अलग-थलग पड़ गया। । उन्होंने जोर देकर कहा कि तनाव में वृद्धि केवल मध्य पूर्व में असुरक्षा को गहरा करेगी।

उधर, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार को ईरान के लापरवाह और खतरनाक हमले के बाद तेजी से और मजबूत समर्थन के लिए ब्रिटेन को धन्यवाद दिया। गाजा पर, ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि वह मानवीय संकट के गहराने के बारे में गंभीर रूप से चिंतितष् हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन महत्वपूर्ण आपूर्ति के साथ गाजा तक सहायता पहुंचाने में बड़े पैमाने पर बदलाव देखना चाहता है। इनमें इस्राइल की ओर से जल्द से जल्द नए सहायता मार्ग खोलना शामिल है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है यह बहुत निराशाजनक था कि हमास ने सप्ताहांत में एक समझौते पालन नहीं किया जो फलस्तिनियों को बचाव जीवन को बचा सकता था और बंधकों की सुरक्षित रिहाई को सुरक्षित कर सकता था।

टाइम्स ऑफइजराइल के अनुसार ईरान ने शनिवार रात को अपने क्षेत्र से इजरायल की ओर 300 हमलावर ड्रोन और मिसाइल लॉन्च किए थे इसके बाद रविवार सुबह पूरे देश में हवाई हमले के सायरन बजे और आयरन डोम की मदद से हवाई हमलों को निष्क्रिय करने की कोशिश की गई।

## रिश्तों में कोई तीसरा पक्ष निशाने पर नहीं

**बीजिंग।** चीन ने मालदीव के साथ बढ़ती नजदीकियों के बीच आपसी रणनीतिक सहयोग साझेदारी बरकरार रखने की प्रतिबद्धता जताई है। उसका कहना है कि दोनों देशों के बीच सामान्य सहयोग में कोई तीसरा पक्ष निशाने पर नहीं है। इसके साथ ही तीसरे पक्ष से इसमें कोई बाधा भी नहीं आएगी।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग से जब मालदीव के साथ चीन के सैन्य समझौते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मामले से जुड़े चीनी अधिकारियों से बात करने को कहा। उन्होंने किसी भी देश का नाम लिए बिना कहा कि चीन और मालदीव के बीच दोस्ताना रिश्तों की वजह से कोई तीसरा पक्ष निशाने पर नहीं आएगा और न ही किसी तीसरे पक्ष को इसमें अड़चन पैदा करनी चाहिए। सुरक्षा पर हमले की निंदा की है।

# भारी बारिश के कारण दुबई एयरपोर्ट जलमग्न

**यूएई।** संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भारी बारिश के कारण पूरा शहर जलमग्न हो गया है। मंगलवार को भारी बारिश के कारण दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में भी जलभराव हो गया। बाढ़ के हालात को देखते हुए दुबई जाने वाली 15 और भारत आने वाली 13 उड़ानों को रद्द कर दिया गया। यात्रियों को दुबई एयरपोर्ट पर नहीं आने की चेतावनी दी गई है।

दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को दुनिया के सबसे व्यस्त एयर हब के तौर पर जाना जाता है। यात्रियों को चेतावनी दी गई है कि जब तक बेहद जरूरी न हो वे दुबई एयरपोर्ट न आएं। दुबई एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने कहा कि विमान सेवाओं का डायवर्ट होना जारी है। हम जल्द से जल्द एयरपोर्ट को फिर ठीक से संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, स्थिति



बहुत चुनौतीपूर्ण है। भारी बारिश के कारण उड़ान संचालन में देरी हुई या उड़ानों को रद्द किया गया।

दुबई एयरपोर्ट पर आमतौर पर एक सामान्य शाम में करीबन 100 विमानों का आगमन होता है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण वहां जिस तरह के हालात हैं, उसके चलते उड़ानों को डायवर्ट किया गया। भारी बारिश ने इस हलचल वाले शहर में आम जनजीवन से जुड़ी गतिविधियों को पूरी तरह से ठप कर दिया। भारी बारिश के कारण दुबई की सड़कों को नुकसान हुआ है, विभिन्न घरों की छतों, दरवाजों और खिड़कियों से पानी रिसने लगा। तूफान का प्रभाव दुबई से आगे तक फैल गया है। पूरे संयुक्त अरब अमीरात के साथ पड़ोसी देश बहरीन भी बाढ़ में डूब गया। मौजूदा स्थिति को देखते हुए संयुक्त अरब अमीरात में स्कूलों को बंद कर दिया गया है।

# भारत ने कई उत्पादों से हटाया जवाबी शुल्क

**वाशिंगटन।** अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने मंगलवार को कहा कि कई अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क हटाने के भारत के फैसले से चना, दाल, बादाम, अखरोट और सेब की पहुंच में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस फैसले देशभर के किसानों को फायदा हो रहा है।

ताई ने यह बयान राष्ट्रपति के 2024 व्यापार नीति एजेंडा पर हाउश वेज एंड मीन्स समिति की सुनवाई के दौरान दिया। उन्होंने जिक्र किया कि भारत और अमेरिका ने पिछले साल सितंबर में विश्व व्यापार संगठन



के अंतिम बकाया विवाद को सुलझा लिया था और भारत कई अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क कम करने पर सहमत हुआ था। कैथरीन ने बताया कि पिछले साल जून में भारत और अमेरिका ने छह डब्ल्यूटीओ विवादों को खत्म कर दिया। भारत कई अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए जवाबी शुल्क को हटाने पर सहमत हुआ। इसका मतलब है कि चना, दाल, बादाम अखरोट और सेब त बेहतर पहुंच हुई है।

देशभर के किसानों को लाभ होगा। उन्होंने आगे बताया कि इसके अलावा सितंबर में भारत और अमेरिका ने अंतिम बकाया डब्ल्यूटीओ विवाद को हल किया और भारत कई अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क कम करने पर सहमत हुआ।

# मानवाधिकर संगठन और चीन की सांठगांठ का किया खुलासा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने गंभीर आरोप लगाते हुए मानवाधिकार उच्चायुक्त और चीनियों के बीच के संबंधों पर सवाल खड़ा कर दिया है। यूके संसद की विदेश समिति ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों की अपनी जांच लिखित रूप में प्रस्तुत की है।

ओएचसीएचआर की पूर्व कर्मचारी एम्मा रीली ने आरोप लगाते हुए कहा कि ओएचसीएचआर चीन का पक्ष ले रहा है जो कि खतरनाक है। ब्रिटेन की संसद की विदेश समिति से मिली जानकारी के अनुसार आरोप लगाया गया है कि संयुक्त राष्ट्र चीन की तरफदारी कर रहा है। और इसको छिपाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास लक्ष्यों के लिए दो साल की बातचीत के दौरान बीजिंग ने सदन के दो अध्यक्षों को रिश्वत दी। उन्होंने साक्ष्य के अनुसार आरोप लगाते हुए कहा कि चीन संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों पर शर्त भी लगाता है।

ताइवान के साथ राजनयिक संबंधों वाले राज्यों में धनराशि खर्च नहीं की जाएगी। रीली ने आरोप लगाया कि ओएचसीएचआर का शाखा प्रमुख एक फ्रांसीसी नागरिक हैं, जो कि चीन को खुफिया जानकारी



दे रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सभी अधिकारियों ने जानबूझकर यूके सहित सभी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य देशों से झूठ बोला है। जिन्होंने ब्रिटेन के नागरिकों और निवासियों सहित पीआरसी को उनकी जानकारी या सहमति के बिना नाम सौंपने की संयुक्त राष्ट्र नीति के बारे में पूछताछ की थी। रीली ने आरोप लगाया कि ऐसे मामलों में जहां चीन को संयुक्त राष्ट्र सचिवालय द्वारा एनजीओ प्रतिनिधियों के नाम अग्रिम रूप से प्रदान किए गए थे।

उन प्रतिनिधियों ने बताया है कि चीन की पुलिस उनके परिवार के सदस्यों से मिली। उन्हें फोन करने के लिए मजबूर किया। उनकी मनमाने ढंग से गिरफ्तारी और बैठक की अवधि के लिए घर में नजरबंद रखा गया। बिना किसी कारण के लंबी जेल की सजा सुनाई, यातना दी या एकाग्रता शिविरों में डाल दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ मामलों में उनके परिवार के सदस्यों की हिरासत में ही मौत हो गई।

एक मामले में चीन सरकार ने एक एनजीओ प्रतिनिधि के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी किया। विदेश मामलों की समिति ने 16 अप्रैल को जांच में अपना पहला साक्ष्य सत्र आयोजित किया। इसमें व्हिसलब्लोअर रीली और लॉर्ड मैलोच-ब्राउन सहित अन्य गवाहों की सुनवाई हुई।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941